दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। मंगलवार 26 नवंबर-2024 | ● वर्ष: 9 अंक: 333 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3

## अयोध्या के मिल्कीपुर में विधानसभा उपचुनाव का रास्ता साफ, जनवरी में होगी वोटिंग



**लखनऊ।** अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में बाबा गोरखनाथ द्वारा दायर की गई याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। ऐसे में याचिका वापस होने से अब चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग की तरफ से जल्द ही यहां उपचुनाव कराने को लेकर शेड्यूल जारी किया जा सकता है।

अयोध्या के मिल्कीपुर में हाल में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के साथ चुनाव नहीं हो पाया था। क्योंकि पूर्व बीजेपी विधायक बाबा गोरखनाथ द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। यह याचिका हाईकोर्ट में लंबित थी, इसलिए चुनाव आयोग की तरफ से तारीखों का ऐलान नहीं किया गया था।

### तीन सप्ताह के लिए स्थगित हुई अधिवक्ताओं की हड़ताल

# आज से शुरू होगा कचहरी में काम होगी सुनवाई और मिलेगी तारीख

**- अब 29 को हाई कोर्ट का भी नहीं होगा घेराव**

**- मुख्य न्यायाधीश उत्तर प्रदेश से मीटिंग के बाद कई जनपदों की बार से बातचीत कर लिया गया फैसला**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अधिवक्ताओं की 29 अक्टूबर से जारी हड़ताल को लेकर बड़ा फैसला आया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने घोषणा की है कि अधिवक्ताओं के लगातार सुझाव, समर्थन और बातचीत के बाद फैसला लिया गया है कि 26 नवंबर से अधिवक्ता न्यायिक कार्य सुचारू करेंगे। वहीं जनपद न्यायाधीश का बहिष्कार लेकिन जारी रहेगा। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित कुमार नेहरा ने सोमवार को देर शाम बयान जारी करते हुए जानकारी दी है कि सभी बार एसोसिएशन और जो अलग-अलग तहसील, टैक्स बार, रेवेन्यू बार संघों ने अपील की गई है कि 26 तारीख से अपने जनपदों में न्यायिक कार्य शुरू कराया जाए। बार एसोसिएशन गाजियाबाद 26 नवंबर मंगलवार से न्यायिक कार्य सुचारू रूप से करेंगे। वहीं जनपद न्यायालय का बहिष्कार जारी रहेगा। इसके साथ ही यह भी घोषणा की गई है कि तीन सप्ताह के अंदर अधिवक्ताओं की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तो फिर से उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### लगातार उठ रही थी आंदोलन खत्म करने की मांग

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने जानकारी दी है कि 22 नवंबर को मुख्य न्यायाधीश उत्तर प्रदेश से बार एसोसिएशन गाजियाबाद की कार्यकारिणी की एक बैठक हुई थी। साथ ही उनसे समय लेकर बातचीत की गई थी। इसी क्रम में फोन से बड़ी संख्या में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अध्यक्ष, सचिव और अलग-अलग बार एसोसिएशन ने सोशल मीडिया और अलग-अलग माध्यमों से अधिवक्ताओं के कामकाज शुरू करने को लेकर रणनीति बनाने और फैसला लेने का सुझाव दिया था। साथ ही अब 29 नवंबर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के घेराव के कार्यक्रम को भी दर्जनों जिलों से आए फोन कॉल और समर्थन पत्र के बाद स्थगित कर दिया गया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने कहा है कि अधिवक्ता और वादीकार्यों के हित को देखते हुए सर्व सहमति से यह प्रस्ताव पारित किया गया है।

### 27 दिन बाद आज शुरू होगा कचहरी में कामकाज

करंट क्राइम : 29 अक्टूबर को गाजियाबाद कचहरी में जिला जज के कोर्टरूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में लगातार अधिवक्ता हड़ताल पर चल रहे थे। हड़ताल की वजह से कचहरी का काम का पूरी तरीके से ठप्प था। तो वहीं गाजियाबाद ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी अधिवक्ताओं से समर्थन मिल रहा था। बता दें की 27 दिनों से गाजियाबाद कचहरी में कामकाज नहीं हो रहा था। इसके साथ ही तहसील और बार संघ के अलग-अलग संगठन भी कार्य से दूर थे। बीते 27 दिनों से हड़ताल होने की वजह से बड़ी संख्या में कचहरी और उसके आसपास भारी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती रहती थी। बता दें कि अधिवक्ताओं ने अभी तीन सप्ताह का समय लिया है अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो दोबारा से आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# संभल में बवाल के बाद सोमवार को कमिश्नरेट पुलिस रही अलर्ट, कैलाभट्टा में निकाला फ्लैग मार्च

**- मसूरी में ड्रोन से रखी गई नजर**

**- सोशल मीडिया पर भी रखी जा रही है नजर**






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** संभल में हुए बवाल के बाद पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलर्ट मोड पर रखा गया है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सोमवार को तीनों जोन में पुलिस के अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालने का काम किया। तो मसूरी और लोनी इलाके में ड्रोन की निगरानी रखी गई।

इसके साथ ही पुलिस के आलाधिकारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रखने का काम किया है। तो वहीं लोगों से भी किसी प्रकार की अफवाह ना फैलाने और माहौल न खराब होने की अपील की गई है। इसके साथ ही पीस कमेटी से जुड़े लोगों से पुलिस फोन पर संपर्क कर माहौल ठीक रखने का निर्देश दे रही है।

### नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर खुफिया विभाग की नजरें

करंट क्राइम : संभल में हुए बवाल के बाद खुफिया विभाग और पुलिस अलर्ट मोड पर है। तो वहीं सोशल मीडिया के जरिए भी निगरानी रखी जा रही है ताकि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी प्रकार की अफवाह या सोचे समझे संदेश को ना फैलाया जा सके। इसके साथ ही पुलिस ऐसे संदिग्ध लोगों के व्हाट्सएप स्टेटस भी चेक कर रही है जो समाज विरोधी संदेश ना पहुंच पाएं। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में स्थिति सामान्य रही।

### तीनों डीसीपी रख रहे हैं अपने-अपने जोन पर नजर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत तीन जोन आते हैं जिसमें सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात का इलाका है। यहां के तीनों डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने एसीपी स्तर और थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि वह अपने क्षेत्र के धर्म स्थलों पर नजर रखें। साथ ही समुदाय विशेष के लोगों से संपर्क करें। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर तुरंत पुलिस एक्शन ले। ड्रोन और सीसीटीवी के जरिए निगरानी रखी जा रही हैं। वहीं सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले कैला भट्टा क्षेत्र में एसीपी घंटाघर रितेश त्रिपाठी ने थाना प्रभारी घंटाघर अनुराग शर्मा के साथ पैदल गश्त की। तो वहीं मसूरी थानाक्षेत्र में पुलिस ने ड्रोन के जरिए आसपास के इलाके में नजर रखी।

### संभल हिंसा की होगी मजिस्ट्रेट जांच : कमिश्नर


**एससी सांसद-विधायक समेत 2700 पर एफआईआर दर्ज, 25 गिरफ्तार**



**संभल।** संभल में 24 नवंबर की सुबह जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के मामले में सरथल पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक राठी की ओर से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल समेत 800 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इन पर भीड़ को भड़काने का आरोप है।

मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय सिंह ने सोमवार को कहा कि संभल हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच होगी। मुरादाबाद कमिश्नर ने कहा कि संभल में हालात कंट्रोल में हैं। उस इलाके को छोड़कर जहां हिंसा हुई थी, अन्य इलाकों में....

शेष, पृष्ठ 2



# नगर आयुक्त से बृज विहार क्षेत्र वासियों ने की मुलाकात, नाले के कायाकल्प हेतु हुआ मंथन

**बृजविहार नाले की कायाकल्प हेतु भीख मांगने की नहीं, कार्य योजना में सहयोग की आवश्यकता**
**-नगर आयुक्त**



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से जनसुनवाई के दौरान बृज विहार के क्षेत्र वासियों ने मुलाकात की मुलाकात में इंजीनियर हेमंत भारद्वाज जिनके द्वारा नाले की कायाकल्प हेतु सड़क पर भीख मांगने का प्रदर्शन किया गया मुलाकात की गई। मुलाकात सकारात्मक रही साथ ही नगर आयुक्त द्वारा बृज विहार क्षेत्र वासियों को मोटिवेट किया गया तथा सकारात्मक सोच के साथ गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों में सहयोग की अपील भी की तथा ब्रजविहार नाले के कायाकल्प हेतु बनाई जा रही कार्य योजना में सहयोग के लिए भी कहा।

नाले में उतरकर या नाले की कायाकल्प हेतु भीख मांग कर समस्या का समाधान संभव नहीं है इसके लिए नगर आयुक्त द्वारा हेमंत भारद्वाज व अन्य टीम को मोटिवेट किया। निर्माण स्वास्थ्य तथा जलकल विभाग के साथ क्षेत्र वासियों के सुझाव को भी शामिल करते हुए रिपोर्ट कार्यवाही हेतु शासन को भेजी जाएगी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। हेमंत भारद्वाज द्वारा टीम सहित गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग करने के लिए कदम आगे बढ़ाया, गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग के साथ-साथ इंजीनियर हेमंत भारद्वाज भी नाले की कायाकल्प कार्य योजना में सहयोग करेंगे।

बृज विहार व अन्य क्षेत्र वासियों को एकजुट करते हुए गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों में सहयोग करने के लिए निर्णय लिया गया। हेमंत भारद्वाज व अन्य क्षेत्र वासियों को भी जल्द ही नाले के कायाकल्प करने हेतु कार्यवाही की जाएगी आश्वाशन दिया गया, कार्य योजना बनाने में सहयोग की अपील की गई। गाजियाबाद नगर निगम निरंतर शहर की स्वच्छता को बरकरार बनाए हुए हैं इसी क्रम में नालों की सफाई भी कराई गई नियमित ब्रजविहार नाले की सफाई भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाती रही है, बृज विहार क्षेत्र वासियों को नाले की समस्या से राहत दिलाने के लिए पूर्व में भी कार्य किए गए हैं इस प्रकार पुनः योजना बनाते हुए शासन को भी अवगत कराया जाएगा।

इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंजीनियर हेमंत भारद्वाज व अन्य क्षेत्र वासियों की विचारों का भी स्वागत किया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को जागरूक क्षेत्र वासियों से वार्ता करते हुए आने वाली समस्याओं के समाधान पर मासिक बैठक के लिए भी निर्देश दिए, मौके पर वरिष्ठ स्वास्थ्य प्रभारी अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी उपस्थित रहे।

# यति नरसिंहानंद फाउंडेशन की महासचिव उदिता त्यागी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, पुलिस ने नहीं दी अनुमति

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अगले माह दिसंबर में प्रस्तावित विश्व धर्म संसद कार्यक्रम खटाई में पड़ता दिख रहा है। गाजियाबाद पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति देने से मना कर दिया। ऐसे में बिना अनुमति कार्यक्रम होता नहीं दिख रहा है। यति नरसिंहानंद फाउंडेशन की महासचिव डॉ उदिता त्यागी ने वर्ल्ड रिलीजियस कन्वेंशन अर्थात विश्व धर्म संसद की अनुमति के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय गृहमंत्री, केंद्रीय विदेश मंत्री, यूपी के सीएम व सम्बंधित अधिकारियों को भेजी है।

### अनुमति न मिलना अलोकतांत्रिक

डासना मंदिर के के महंत और महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि वर्ल्ड रिलीजियस कन्वेंशन अर्थात विश्व धर्म संसद की अनुमति न मिलना अलोकतांत्रिक व असंवैधानिक है। इसमें 40 देशों के अतिथियों के आने का कार्यक्रम है। यह दिसंबर माह में होनी है, जिसमें एक माह से भी कम समय बचा है। लेकिन अभी तक पुलिस प्रशासन ने कोई अनुमति नहीं दी है। यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव उदिता त्यागी ने फिर से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ल्ड रिलिजियस कन्वेंशन अर्थात विश्व धर्म संसद को अनुमति देने के लिये पत्र लिखा। डॉ उदिता त्यागी वर्ल्ड रिलीजियस कन्वेंशन अर्थात विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक भी हैं।

आज सम्पूर्ण विश्व के इस्लामिक जिहाद के विरुद्ध वैचारिक संघर्ष करने वाले योद्धा इस आयोजन की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहे हैं। यदि सरकार ने इस आयोजन कि अनुमति नहीं दी तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होगा क्योंकि उससे आतंकवाद के विरुद्ध वैचारिक संघर्ष की सदैव बात करने वाले देश के रूप में हमारी छवि को बहुत धक्का लगेगा।



### इस्लामिक जिहाद की सच्चाई सामने आनी चाहिए

यह पत्र शिवशक्ति धाम डासना से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी, यति रामस्वरूपानंद जी महाराज तथा अन्य यति सन्यासियो की मौजूदगी में जारी किया। प्रधानमंत्री को यह पत्र भेजते हुए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि विश्वगुरु की पदवी के लिये अपना अधिकार बताने वाले सनातन धर्म के अनुयायियों का यह दायित्व है कि वो सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए इस्लामिक जिहाद की सच्चाई सम्पूर्ण विश्व के सामने लाएं। विश्व धर्म संसद इसमें महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकती है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले की गम्भीरता को समझना चाहिये और अविलम्ब इस आयोजन के लिये अनुमति प्रदान करनी चाहिए।

## न्यूज डायरी

### उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में जीत के बाद काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का आशीष लेने पहुंचे सीएम योगी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सोमवार को काशी कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे। दस दिन के भीतर सीएम योगी ने दूसरी बार बाबा के चरणों में श्रद्धा निवेदित की। मुख्यमंत्री योगी इसके पहले 15 नवंबर को देव दीपावली पर वाराणसी आए थे। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने काशी कोतवाल बाबा काल भैरव के दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। उन्होंने यहां विधि विधान से पूजा की। इसके बाद उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। बाबा के गर्भगृह में जाकर षोडशोपचार पूजन कर उन्होंने लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' के उद्घोष से उनका स्वागत किया तो मुख्यमंत्री ने भी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकारा। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ द्वार से जल मार्ग के जरिए डोमरी में चल रहे सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में सात सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की। इसमें से छह पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एक सीट पर एनडीए गठबंधन (रालोद) ने जीत हासिल की। समाजवादी पार्टी को दो सीट पर जीत हासिल हुई है। भाजपा ने गाजियाबाद, कुंदरकी, कटेहरी, मीरापुर, मझवां, फूलपुर और खैर में जीत प्राप्त की। वहीं, सपा ने कानपुर की सीसामऊ और करहल सीटें जीती। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोट डाले गए थे। वहीं, चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे।



### नोएडा के जीआईपी मॉल से 25 लाख की ग्रॉसरी चोरी

**नोएडा करंट क्राइम।** सेक्टर-38ए स्थित जीआईपी मॉल स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार में 25 लाख से अधिक के माल की चोरी का मामला सामने आया है। जांच में चोरी का खुलासा होने के बाद बाजार के सहायक मैनेजर ने अज्ञात के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है। अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-38ए स्थित जीआईपी मॉल में रिलायंस स्मार्ट बाजार में सहायक मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। पिछले कुछ माह से स्मार्ट बाजार से कीमती माल चोरी हो रहा था। ऑडिट के दौरान इसकी जानकारी हुई। जांच करने पर पता चला कि बाजार से घी के डिब्बे, बादाम, काजू, क्रीम, बटर, लोशन, कीमती कपड़े और अन्य सामान चोरी हो गया। जांच की तो पता चला कि चोरी हुए माल की कीमत करीब 25 लाख रुपए है। बाजार से चोरी हुआ माल एक जुलाई 2024 से 18 नवंबर 2024 के बीच हुई है। शिकायत कर्ता का दावा है कि चोरी गए माल की सूची और साक्ष्य भी पुलिस को सौंप दिए हैं।




सुरक्षित माने जाने वाले जीआईपी मॉल में 25 लाख रुपए से अधिक का सामान चोरी होना सुरक्षा तंत्र की मजबूती पर सवाल खड़ा करता है। बता दें कि जीआईपी मॉल सहित अन्य मॉल या इस तरह के बाजारों में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे और गार्ड तैनात रहते हैं। लोग जब खरीददारी करके बाहर निकलते हैं तो उनके द्वारा खरीदे गए माल को जांच के बाद ही बाहर आने देते हैं।

# क्राइम ब्रांच की टीम ने मधुबन बापूधाम इलाके से पकड़े 3 शातिर वाहन चोर, टैब से खोलते थे लॉक

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने कार चोरी करने वाले एक गैंग को पकड़ा है। ये डिजिटल चिप की और टेब के माध्यम से कार चोरी किया करता था। पूरे दिल्ली एनसीआर में इनका गिरोह फैला हुआ था। गैंग के तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से आठ लग्जरी कार बरामद हुई है। गैंग के मुखिया पर 29 मुकदमे कायम है। गाजियाबाद में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि क्राइम ब्रांच और थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने कार चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। इस गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार हुए हैं। जबकि उनके कब्जे से आठ लग्जरी कार बरामद हुई है। गिरोह का सरगना शकील है जिस पर 29 मुकदमे कायम है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि शकील पहले ट्रक ड्राइवरी करता था लेकिन ज्यादा कमाई ना होने के चलते वह इस धंधे में आ गया। उसने अपना पूरा गैंग बनाया जो पश्चिम उत्तर प्रदेश गाजियाबाद और दिल्ली एनसीआर में कर चोरी करने लगा। जिस कार की डिमांड आई उसी की यह चोरी करता था। चोरी करने से पहले यह गिरोह रेकी किया करते थे। उनके गिरोह में हसीन, असलम, राशिद, अज्जू, हाफिज, अरशद, अब्दुल, खालिफ और समीर है।



# लखनऊ की कार्यशाला के बाद होंगे मंडल चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर की टीम की तैयारियां चल रही हैं तो वहीं अब मंडल चुनाव को लेकर भी तैयारी शुरू हो गई है। 27 नवंबर को लखनऊ में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर है। इस कार्यशाला में गाजियाबाद के तीन महामंत्री भाग लेंगे, जिनमें गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम और पप्पू पहलवान के शामिल हैं। इस कार्यशाला में सक्रिय सदस्यों के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। बताया जाता है कि भाजपा ने ढाई हजार सक्रिय सदस्य बनाएं हैं। इन ढाई हजार सक्रिय सदस्यों की सूची महानगर कार्यालय पर चस्पा होगी और इस सूची को लेकर यदि किसी कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है।

### ढाई हजार सक्रिय सदस्यों की सूची होगी महानगर कार्यालय पर चस्पा

#### 29 नवंबर को सिद्धार्थ नाथ सिंह लेंगे मंडल की कार्यशाला

**करंट क्राइम।** भाजपा अपने बूथ पर लगातार फोकस करती है और वो चुनाव के बाद भी इसी पर फोकस कर रही है। 29 नवंबर यहां कार्यशाला आयोजित होगी। प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह इस कार्यशाला को लेंगे। ये कार्यशाला सदस्यता अभियान से जुड़ी है। इस कार्यशाला में मंडल स्तर पर बूथों का चयन होगा और जो सक्रिय सदस्य होंगे वो ही बूथ अध्यक्ष चुने जाएंगे और फिर उसके बाद मंडल का चुनाव होगा। बताया जाता है कि मंडल को लेकर भी चुनाव अधिकारियों के नाम पैनल पहुंच चुका है। तीन के नाम भेजे गए हैं और मंगलवार को ये नाम फाइनल हो सकते हैं।

# कोहरे में हादसे रोकने के लिए यातायात पुलिस अलर्ट

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में सर्दी के मौसम में हादसों को रोकने के लिए पुलिस अलर्ट हो गई। पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। साथ ही यातायात नियम के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा कार्यशाला भी लगाई जा रही है।

### फाग लाइट और इंडिकेटर्स लगातार आन रखें

सर्दी के मौसम में कोहरे की वजह से सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जिला पुलिस ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिसके लिए पुलिस विभाग ने वहां चालकों व लोगों से ट्रैफिक के नियम अपनाने की अपील की है। ताकि कोहरे की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सीओ ट्रैफिक स्तुति सिंह ने आमजन से अपील की है कि घने कोहरे में आप सामने वाले वाहन से उचित दूरी बनाकर व दिन में लाइट जलाकर चलें। वाहन चालक आगे चलने वाले वाहनों से उचित दूरी बनाए रखें और फाग लाइट और इंडिकेटर्स लगातार आन रखें।

लो बीम पर रखें गाड़ी हेडलाइट- ऐसा करने से आपको देखने में आसानी होगी और सामने वाले को भी गाड़ी की सही स्थिति का पता चलेगा। लाइन में चलाएं अपने वाहन- कोहरा घना हो तो वाहनों को लाइन में ही चलाने का प्रयास करें। सड़क के बाएं किनारे को देखकर गाड़ी चलाएं।

दूरी का रखें ध्यान- हादसों से बचने के लिए सामने वाली गाड़ी से दूरी बनाकर रखना जरूरी है। कारण यह कि कोहरे की वजह से सड़कें गीली होती है। इसलिए गाड़ी का ब्रेक लगाने में दिक्कत आ सकती है। इंडीकेटर पर रखे ध्यान- गाड़ी चलाते समय वाहनों के इंडीकेटर पर ध्यान रखनी जरूरी है। गाड़ी मोड़ने से पहले इंडिकेटर देना शुरू कर देना चाहिए। फॉग लाइट का लें सहारा- फॉग लाइट धुंध काटने में मददगार होता है।

# संभल हिंसा की होगी मजिस्ट्रेट जांच:आंजनेय सिंह

### एससी सांसद-विधायक समेत 2700 पर एफआईआर दर्ज, 25 गिरफ्तार

**संभल।** संभल में 24 नवंबर की सुबह जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के मामले में सरथल पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक राठी की ओर से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल समेत 800 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इन पर भीड़ को भड़काने का आरोप है। मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय सिंह ने सोमवार को कहा कि संभल हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच होगी। मुरादाबाद कमिश्नर ने कहा कि संभल में हालात कंट्रोल में हैं। उस इलाके को छोड़कर जहां हिंसा हुई थी, अन्य इलाकों में दुकानें खुली हैं और स्थिति सामान्य है। उन्होंने कहा कि जिस तरह के साक्ष्य मिल रहे हैं, दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और एनएसए लगाया जाएगा।

इस बीच संभल में 24 नवंबर की सुबह जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के मामले में सरथल पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक राठी की ओर से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल समेत 800 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इन पर भीड़ को भड़काने का आरोप है। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि सब इंस्पेक्टर दीपक राठी पथराव और हिंसा की घटना में घायल हो गए थे।

इस मामले में अब तक कुल 7 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें से 5 मुकदमे संभल कोतवाली में और 2 मुकदमे थाना नखासा में दर्ज किए गए हैं। 24 नवंबर की सुबह हुई हिंसा में उपद्रवियों की भीड़ ने सब इंस्पेक्टर शाह फैसल की पिस्टल और मैगजीन लूट ली थी। उनकी तरफ से 6 नामजद और 200 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसडीएम रमेश बाबू के पैर में फैक्चर हुआ है। उनके द्वारा 800 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।



### संभल सीओ अनुज चौधरी के पैर में गोली लगी

सर्वे टीम में शामिल सीओ संभल अनुज चौधरी के द्वारा भीड़ को रोकने का प्रयास किया गया, तो उनकी तरफ से फायरिंग की गई। सीओ अनुज चौधरी के पैर में गोली लगी है। उन्होंने 700 से 800 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एकता चौकी प्रभारी संजीव कुमार के द्वारा मैगजीन और टियर गैस लूटने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। दूसरी जगह पर पथराव की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसएसपी पीआरओ पर भी फायर किया गया. उनके पैर में गोली लगी है।

उनके द्वारा भी डेढ़ सौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। संभल कोतवाली से 22 और नखासा थाना से 3 लोगों सहित कुल 25 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। ड्रोन कैमरे के फुटेज की स्टडी चल रही है और उपद्रवियों के छोटे-छोटे फोटो बनाए जा रहे हैं। संभल हिंसा मामले में अब तक 2750 अज्ञात और कुछ नामजद लोगों के खिलाफ कुद 7 एफआईआर दर्ज हुई हैं। इस हिंसा में अब तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 4 बड़े अधिकारियों समेत 24 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं

# हिंसा: बवाल में मारे गए युवकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट खुलासा... शरीर में मिली 315 बोर की गोली

**मुरादाबाद।** संभल हिंसा में मारे गए कुछ युवकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और जब भीड़ नियंत्रित नहीं हुई तो रबर बुलेट चलाई गईं। वहीं उपद्रवियों ने पुलिस पर देशी हथियार से फायरिंग की।

संभल में बवाल के दौरान पुलिस ने गोली नहीं चलाई। उपद्रवियों द्वारा पुलिस पर की गई फायरिंग में ही जान गई हैं। दो लोगों के शरीर में गोली लगने के निशान मिले हैं। गोली उनके शरीर से पार निकल गई। वहीं तीसरे मृतक के शरीर में 315 बोर की गोली मिली है। यह कहना है संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई का। एसपी ने बताया कि पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और जब भीड़ नियंत्रित नहीं हुई तो रबर बुलेट चलाई गईं। वहीं उपद्रवियों ने पुलिस पर फायरिंग की।

उपद्रवियों की फायरिंग में ही तीन लोगों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। दो अन्य की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। एसपी ने बताया कि जहां-जहां उपद्रवियों ने बवाल किया है वहां की सीसीटीवी फुटेज चेक कराई जा रही है। 25 से अधिक को गिरफ्तार किया गया है। इसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। अन्य को चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस ने इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का फैसला लिया है। कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि हिंसा में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन पर रासूका तक लगाया जाएगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों की मौत देशी बंदूक से हुई है। पुलिस जांच कर रही है कि इस हिंसा के पीछे किसका हाथ था। कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तैयारी की गई है और भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने हिंसा में युवाओं के शामिल होने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह उकसावे के बाद मौके पर पहुंचे।



### मुरादाबाद कमिश्नर बोले- आरोपियों पर लगेगा रासुका

मुरादाबाद मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि फिलहाल स्थिति शांत है। उन्होंने बताया कि हिंसा के मामले में जांच जारी है और कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। मंडलायुक्त ने कहा, सपा सांसद जिआउर्रहमान बर्क और स्थानीय विधायक के बेटे पर भीड़ को उकसाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। हिंसा में घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो दोषियों पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) भी लगाया जाएगा। प्रशासन ने हालात को नियंत्रण में रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।

### 'देशी हथियार से की गई पुलिस पर फायरिंग'

संभल के एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और जब भीड़ नियंत्रित नहीं हुई तो रबर बुलेट चलाई गईं। उपद्रवियों ने पुलिस पर देशी हथियार से फायरिंग की। इसी फायरिंग में तीन लोगों की मौत हुई है। एसपी ने बताया कि जहां-जहां उपद्रवियों ने बवाल किया है वहां की सीसीटीवी फुटेज चेक कराई जा रही है।

### हिंसा के बाद स्थिति नियंत्रण में: कमिश्नर

कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि संभल में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और शहर में शांति स्थापित है। जहां हिंसा हुई थी वहां कुछ दुकानें बंद हैं, लेकिन बाकी इलाकों में सामान्य स्थिति है और कोई तनाव नहीं है। सभी जगहों पर पुलिस तैनात है। कमिश्नर ने बताया कि हिंसा के दौरान कुछ युवाओं ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, लेकिन इस मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि हिंसा के दौरान कुछ लोगों ने मस्जिद पर पथराव करने की कोशिश की थी, जिनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है।

### पुलिस की गोली से हुई मेरे भाई की मौत

जामा मस्जिद के बाहर हुए बवाल में कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोटगर्वी निवासी नईम (35) की मौत हो गई। नईम के छोटे भाई तसलीम ने पुलिस को भाई की मौत का जिम्मेदार बताया है। आरोप लगाया कि पुलिस की गोली से मेरे भाई की मौत हुई है। वहीं मृतक के मामा इरशाद हुसैन ने संभल सीओ अनुज चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पुलिस के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### मस्जिद के सर्वे पर बवाल, हिंसा में 5 की मौत

संभल शहर की जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताते हुए दाखिल वाद के आधार पर सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर की टीम पहुंची तो संभल में बवाल हो गया। रविवार सुबह अचानक टीम के आने पर जुटी भीड़ मस्जिद में दाखिल होने कोशिश करने लगी। रोकने पर पुलिस पर पथराव कर दिया। हिंसक हुई भीड़ ने सीओ की गाड़ी समेत कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दी और आग लगा दी।

# जरूरतमंदों की मदद को आगे आया रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा ने 23 नवंबर 2024 को रोटेरियन सीए सुनील अग्रवाल और रोटेरियन अर्चना अग्रवाल की अध्यक्षता में क्लब के सम्मानित सदस्यों के साथ सेक्टर 115 नोएडा में स्थित कृष्ण प्रेम रतन वृद्धा आश्रम के लगभग 50 निवासियों के लिए बॉडी वार्मर, फेस मास्क और जलपान प्रदान करके एक और उदारतापूर्वक योगदान दिया। क्लब, रोटेरियन अशोक झा और उषा का हार्दिक आभार व्यक्त करता है जिन्होंने इस नेक काम के लिए उदारतापूर्वक योगदान दिया। क्लब के सहायक गवर्नर रोटेरियन अनुज गर्ग, रोटेरियन सनी चुग रोटेरियन धीरज वर्मा, रोटेरियन प्रगति मित्तल, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन हिमांशु वर्मा, रोटेरियन मुकेश सिंघल जी, रोटेरियन हरीश मल्होत्रा, आपके सहयोग से न केवल आराम मिला बल्कि इस उत्सव में गर्मजोशी भी आई। क्लब के अध्यक्ष ने कहा, इसका उद्देश्य बुजुर्गों की देखभाल और उनके बोझ को साझा करने के सामाजिक मानदंड को लागू करना है। लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बुजुर्ग स्वस्थ, सम्मानजनक और उत्पादक जीवन जीएं।




# भगवा गढ़ की भाजपा में शुरू हो गया कौन बनेगा महानगर अध्यक्ष वाला गेम

## ब्राह्मण-वैश्य-त्यागी-ओबीसी फैक्टर के रहेंगे फेस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव हो गया और अब उस रेस ने तेजी पकड़ ली है जो चुनाव के दौरान इंटरनल ट्रैक पर चल रही थी। महानगर अध्यक्ष को टिकट मिला था और भाजपा ये मानकर चल रही थी कि महानगर अध्यक्ष अब विधायक बनने वाले हैं और भाजपा के भीतर ही महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी की रेस शुरू हो गई। अब जब चुनाव नतीजा आ गया है तो यहां महानगर अध्यक्ष वाली रेस ने तेजी पकड़ ली है। बताया जाता है कि यहां कुर्सी वाली रेस में ब्राह्मण फैक्टर, वैश्य फैक्टर, त्यागी फैक्टर और ओबीसी फैक्टर पर काम चल रहा है।

सूत्र बताते हैं कि यहां ब्राह्मण फैक्टर का सीन चुनावी जीत के बाद कमजोर लग रहा है और उसकी वजह ये बताई जा रही है कि शहर सीट पर वैश्य फैक्टर पर काम ना करते हुए यहां ब्राह्मण चेहरे को टिकट दिया। ब्राह्मण चेहरा अध्यक्ष से विधायक हो गया है अब यहां वैश्य फैक्टर पर काम चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी यहां अध्यक्ष वाली ताजपोशी में वैश्य चेहरे को प्राथमिकता दे सकती है। वहीं एक लॉबी ये मानकर चल रही है कि इस बार त्यागी चेहरों को भी फोकस में रखा जा सकता है और उसे ब्राह्मण फैक्टर-2 माना जा रहा है। इस फैक्टर में त्यागी समाज के चेहरे आ सकते हैं और अगर यहां ओबीसी कार्ड की बात करें तो यहां भी भाजपा से एक पुराने महानगर अध्यक्ष और एक ताकतवर महामंत्री का नाम चल रहा है। फिलहाल अब पूरी तरीके से गेम ने जोर पकड़ लिया है।

## मयंक गोयल, गोपाल अग्रवाल और पवन गोयल के नाम सुर्खियों में





भाजपा के सूत्र बता रहे हैं कि यहां वैश्य चेहरों महानगर अध्यक्ष पद के लिये मयंक गोयल का नाम भी चल रहा है। मयंक गोयल भाजपा के महानगर पदाधिकारी रहे हैं वो क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और विधानसभा की दावेदारी में भी उनका नाम रहा है। मयंक गोयल की दावेदारी अध्यक्ष पद पर मजबूत बताई जा रही है वहीं जहां गेम में बढ़त बनाकर महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल भी चल रहे हैं। गोपाल अग्रवाल महानगर टीम के सक्रिय चेहरे हैं और वो संगठन के कामों से लेकर चुनाव तक एक्टिव रहते हैं। महानगर अध्यक्ष पद वाली दौड़ में वो पूरी ताकत से लगे हुए हैं। यहां वैश्य चेहरों की बात करें तो पवन गोयल का नाम भी महानगर अध्यक्ष वाली दौड़ में शामिल हैं। पवन गोयल भाजपा के पुराने चेहरे हैं। मौजूदा समय में जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। वो निगम पार्षद रहे हैं और क्षेत्रीय टीम में पदाधिकारी रहे हैं। विधानसभा की दावेदारी में उनका नाम हर बार चला है।

## ब्राह्मण फैक्टर में पंकज, अश्वनी और गुंजन शर्मा के नामों की चर्चा





हालांकि पार्टी की एक लॉबी जहां ब्राह्मण फैक्टर को इस रेस में नहीं मान रही, लेकिन पार्टी के सूत्र बताते हैं कि इस रेस में ब्राह्मण चेहरे भी आएंगे। अगर यहां ब्राह्मण चेहरों की बात करें तो यहां पर महानगर अध्यक्ष पद की दौड़ में अश्वनी शर्मा का नाम भी है। अश्वनी शर्मा 1989 बैच के भगवा देवतुल्य हैं। कभी दल नहीं बदला है और हमेशा कमल के साथ रहे हैं। पुराने कर्मठ कार्यकर्ता हैं और फिलहाल ये नाम भगवा कृपा की वेटिंग लिस्ट में हैं। कर्मठता और सक्रियता की बात करें तो यहां भगवा भारद्वाज ने भी अपनी छाप छोडी है। किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज भी महानगर अध्यक्ष पद वाली रेस में हैं। सक्रिय राजनीति के चेहरें हैं, गैरविवादित हैं और समर्पण वाली कैटेगरी में आते हैं। लगातार दूसरी बात किसान मोर्चा की कमान संभाल रहे हैं। ब्राह्मण फैक्टर की बात करें तो यहां गुंजन शर्मा का नाम भी आता है। महानगर मंत्री हैं और भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। संगठन में एक्टिव रहते हैं। ब्राह्मण फैक्टर में अगर पूर्वांचल इफेक्ट डाले तो यहां संजीव झा का नाम भी चर्चा में हैं। बताते हैं कि उन्होंने अपने बर्थडे पर सभी को बुलाया और उनके बर्थडे को उनकी दावेदारी के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

## त्यागी फैक्टर में बोबी त्यागी, राजेश त्यागी, प्रेम त्यागी के नाम





भाजपा की एक लॉबी इस बार ये मांग उठा रही है कि ओबीसी, वैश्य और ब्राह्मण से अलग जाकर भी पार्टी को काम करना चाहिए। वो यहां अब संगठन की मुख्य कुर्सी पर त्यागी चेहरे की ताजपोशी देखना चाहती है। यहां पर एक चर्चा ये है कि त्यागी समाज से चेहरा सौम्य होना चाहिए और कार्यकताओं से समन्वय बनाकर चलने वाला हो। यहां इस फ्रेम में भाजपा के पुराने कार्यकर्ता प्रेम त्यागी का नाम लिया जा रहा है। प्रेम त्यागी व्यवहार कुशल हैं, अनुभवी कार्यकर्ता हैं और यदि उन्हें मौका मिलता है तो वो एक नई ऊर्जावान टीम तैयार कर सकते हैं। त्यागी फैक्टर में बोबी त्यागी का नाम भी लिया जाता है। बोबी त्यागी महानगर उपाध्यक्ष हैं और संगठन में पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। चुनाव में मेहनत की है और वो भाजपा के समर्पित कार्यकताओं में आते हैं। उनकी भी महानगर अध्यक्ष पद दावेदारी बनती हैं। यहां अगर दावेदारी की मजबूत दस्तक की बात करें तो महानगर यहां महानगर महामंत्री राजेश त्यागी के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता। अध्यक्ष बदले हैं, लेकिन महामंत्री राजेश त्यागी ही रहे हैं। बताया जाता है कि किसी बड़े दरबार से उनकी पैरवी हो रही है और अगर त्यागी फैक्टर पर बात बनी तो ये नाम सबको चौंका सकता है।

## ओबीसी फैक्टर में चल रहा है मानसिंह गोस्वामी और पप्पू पहलवान का नाम




समीकरण साधने की बात करें तो यहां ओबीसी फैक्टर को लेकर भी मांग उठ रही है। ये लॉबी चाहती है कि जातीय संतुलन साधा जाए और ओबीसी फैक्टर पर महानगर की कमान दी जाए। यहां पर मजबूती से मानसिंह गोस्वामी का भी नाम चल रहा है। मानसिंह गोस्वामी पूर्व में महानगर अध्यक्ष रहे हैं। उनकी पहली ताजपोशी ही क्रांतिकारी माहौल में हुई थी। उन्हें रात में घर से बुलाकर अध्यक्ष बनाया गया था। मानसिंह गोस्वामी संगठन चलाने का अनुभव रखते हैं। पुराने वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ता हैं। ओबीसी फैक्टर पर ये नाम आ सकता है। अगर यहां दूसरे नाम की चर्चा करें तो वो नाम गुर्जर समाज से पप्पू पहलवान का है। पप्पू पहलवान मौजूदा समय में महानगर महामंत्री हैं। समर्पण और सक्रियता दोनों ही मामलों में अव्वल है। और सबसे बड़ी बात ये है कि संगठन का काम हो या चुनाव की रणनीति हो वो हमेशा काम को अंजाम तक पहुंचाते हैं। सादगी और सरल चेहरे के रूप में पहचान है। बेहतर तालमेल के साथ काम करते हैं।

## ताजपोशी के चैप्टर में आएंगे दो भगवा पॉवर सेंटर




भाजपा के सूत्र बता रहे हैं कि अब भगवा गढ़ में जनरली बहुत कुछ बदल चुका है। अब यहां पावर के दो सेंटर बन चुके हैं और ये कहा जाता है कि शहर वाले टिकट में भगवा कमांडर की एंट्री ही एक पावर सेंटर के दखल के बाद हुई और अब ये माना जा रहा है कि जब महानगर की कमान को लेकर घमासान होगा तो इस गेम में दो पावर सेंटर आएंगे। इनमें पहला पावर सेंटर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को बताया जाता है और दूसरा पावर सेंटर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को बताया जा रहा है। भाजपा वाले ये मानकर चल रहे हैं कि जब ताजपोशी का गेम शुरू होगा तो सीन मे ये दोनों पावर सेंटर आएंगे और जिस भी चेहरे को इस पावर सेंटर से करंट मिलेगा उसी की बात बन जाएगी।

**अब जब चुनाव नतीजा आ गया है तो यहां महानगर अध्यक्ष वाली रेस ने तेजी पकड़ ली है। बताया जाता है कि यहां कुर्सी वाली रेस में ब्राह्मण फैक्टर, वैश्य फैक्टर, त्यागी फैक्टर और ओबीसी फैक्टर पर काम चल रहा है।**

## जनवरी तक विधायक संजीव शर्मा ही बनें रहेंगे महानगर अध्यक्ष



सूत्र बताते हैं कि फिलहाल कोई कार्यवाहक अध्यक्ष नहीं आ रहा है। सूत्रों की मानें तो अभी भगवा कमांडर संजीव शर्मा ही महानगर अध्यक्ष की कमान संभालेंगे। भगवा कमांडर भले ही अब शहर विधायक हो गए हैं, लेकिन फिलहाल उन्हीं के पास महानगर संगठन की कमान रहेगी। पार्टी अब यहां अस्थायी या कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष नहीं ला रही है बल्कि वो अब सीधे पूर्णकालिक महानगर अध्यक्ष लेकर आ रही है।

## 15 दिसंबर तक भाजपा को मिल जाएगा नया महानगर अध्यक्ष

नये साल से पहले ही भाजपा को नया महानगर अध्यक्ष मिल जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि 15 दिसंबर तक महानगर अध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी और नये महानगर अध्यक्ष की ताजपोशी हो जाएगी। फिलहाल अभी शहर विधायक ही महानगर अध्यक्ष बने रहेंगे। अगर सूत्रों की मानें तो लखनऊ स्तर पर नामों को लेकर मंथन तेज हो गया है और जल्द ही संगठन की घोषणा होगी और पूर्णकालिक अध्यक्ष का नाम सामने आ जाएगा।

# भाजपा के सीनियर पार्षद का दावा, बढ़ चुका है हाउस टैक्स

## सदन का प्रस्ताव बेकार और जनप्रतिनिधियों की एकजुटता काम नहीं आई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिस हाउसटैक्स को लेकर पूरी भाजपा एकजुट हुई थी। जिस बढ़े हुए हाउसटैक्स को लेकर मेयर ने यह अपील की थी कि जनता इस टैक्स को जमा ना कराए, वो टैक्स बढ़ चुका है। गौरतलब है कि हाउसटैक्स को लेकर नगर निगम के अधिकारी और नगर निगम का सदन आमने सामने आ गए थे। जहां अधिकारियों ने ये मुनादी करवाई थी कि हाउसटैक्स जमा कराया जाए वहीं नगर निगम सदन में नगर निगम की मुखिया मेयर सुनीता दयाल ने ये एलान किया था कि कोई भी बढ़ा हुआ हाउसटैक्स जमा नहीं कराएगा। इसके बाद नगर निगम के सदन में कार्यकारिणी में प्रस्ताव लाया गया और बढ़े हुए हाउसटैक्स का प्रस्ताव निरस्त किया गया। बात यही नहीं थमी और फिर भाजपा के विधायक, सांसद, मंत्री और महानगर अध्यक्ष एक साथ बैठे और ये ऐलान किया कि हाउसटैक्स में वृद्धि नहीं होने दी जाएगी। जिस हाउसटैक्स को लेकर पूरी भाजपा मोर्चा खोल रही थी। सरकार के सांसद, विधायक, मंत्री मेयर खुलेआम विरोध में आ गए थे




उस टैक्स को लेकर नई खबर ये है कि वो टैक्स बढ़ा चुका है। भाजपा के ही एक सीनियर पार्षद ने अपना नाम ऑफ द रिकॉर्ड रखने की शर्त पर ये दावा किया कि नगर निगम का हाउसटैक्स बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, मेयर संगठन से लेकर निगम की कार्यकारिणी बैठक इस मामले में फ्लॉप साबित हुई। वो जनता से मना ही करते रह गए कि हाउसटैक्स मत जमा कराना और अधिकारियों ने हाउसटैक्स बढ़ा भी दिया। विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के एक सीनियर पार्षद ने ये दावा किया कि नगर निगम में हाउसटैक्स बढ़ चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि अब कोई कितना भी विरोध कर लें अब ये टैक्स बढ़ चुका है और अब कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी की बैठक सदन का प्रस्ताव और सरकार के नुमाइंदे सब फेल हो गए। हाउसटैक्स की वृद्धि को लेकर खेल हो गए। सीनियर पार्षद ने कहा कि सरकार वाले दल के मंत्री, विधायक, मेयर मना ही करते रह गए और सरकारी अधिकारियों ने टैक्स बढ़ा भी दिया। भाजपा पार्षद के दावे में कितनी सच्चाई है ये जल्द ही पता चल जाएगा। यदि अधिकारियों ने टैक्स में वृद्धि की है तो जाहिर तौर पर उनके पास इसके कानूनी प्रावधान होंगे। जनप्रतिनिधियों से ज्यादा इस मामले में अधिकारी ज्ञानवान होंगे। उन्होंने टैक्स बढ़ाया है तो उन्होंने भी इस बारे में फैक्ट जानकारों से मशविरा किया होगा। हर बिंदू पर गहन मंथन किया होगा और उसी के बाद ये फैसला लिया होगा।

# भाजपा का पार्षद जानना चाहता है नगर निगम में तैनात हैं कितने पुलिसकर्मी और निजी सुरक्षाकर्मी

**- सरकार के पार्षद ने लगाई निगम के अधिकारियों की जानकारी देने के लिये आरटीआई**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में अधिकारियों और भाजपा के पार्षदो के बीच हमेशा एक खींचतान का सीन चलता है। खास बात ये है कि विपक्षी दलो के पार्षद किसी भी मुद्दे को लेकर सवाल नहीं उठाते हैं और भाजपा के पार्षद लगातार सवाल भी उठाते हैं और जनमुद्दों को भी उठाते हैं। दुकानों के किराए के मामले से लेकर हाउसटैक्स में वृद्धि का मामला वो उठाते हैं। इस बार मामला नगर निगम में तैनात पुलिस की जानकारी से लेकर है। भाजपा पार्षद नीरज गोयल ने यह जानने के लिये आरटीआई लगाई है कि नगर निगम कार्यालय में कितने पुलिसकर्मी हैं।

पार्षद भाजपा नीरज गोयल ने जनसूचना अधिकारी नगर निगम तथा जनसूचना अधिकारी पुलिस कमीश्नरेट से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी है।

उन्होंने आठ बिंदुओं पर सूचना मांगी है। जिसमें नगर निगम में तैनात पुलिसकर्मियों, पुलिसकर्मियों के मूल पद, नगर निगम में पुलिसकर्मियों की आवश्यकता, पुलिसकर्मियों की मांग करने वाले अधिकारियों के नाम व पदनाम, नगर निगम में तैनात पुलिसकर्मियों को आवंटित कार्य सहित आठ बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। नीरज गोयल का कहना है कि उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट से भी सूचना मांगी है और सूचना मिलने के बाद वह इस पूरे प्रकरण को निगम बोर्ड में उठाएंगे और शासन में शिकायत की जाएगी।

## क्या निगम अधिकारी ले रहे हैं पुलिसकर्मियों से निजी सुरक्षाकर्मी काम

भाजपा पार्षद ने निगम अधिकारियों द्वारा निजी रूप से लिये जा रहे सुरक्षाकर्मियों पर संज्ञान लिया है। उनका कहना है कि नगर निगम द्वारा कई अपात्र अधिकारी भी पुलिसकर्मियों को निजी सुरक्षाकर्मी के रूप में उपयोग में ला रहे हैं। इससे जनता पर बेवजह आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और साथ ही सरकारी तंत्र का दुरुपयोग हो रहा है। नगर निगम में पुलिसकर्मियों की आवश्यकता केवल उस समय पड़ती है जब निगम का प्रवर्तन दस्ता अतिक्रमण हटाने जाता है। चूंकि नगर में कमिश्नरेट है और यदि निगम को अतिक्रमण हटाने या अन्य कार्य के लिये पुलिसकर्मियों की जरूरत होगी तो समय पर सूचना देने पर पुलिसकर्मी मिल जाने चाहिए। बेवजह स्थायी रूप से पुलिसकर्मियों की निगम में तैनाती निगम पर आर्थिक बोझ के अलावा और कुछ नहीं है। भाजपा पार्षद अपनी आरटीआई में यह भी पूछा है कि सुरक्षाकर्मी प्राप्त करने वाले जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों के नाम क्या है। नगर निगम में तैनात पुलिसकर्मियों को निजी सुरक्षाकर्मी के उपयोग में लाने वाले जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के नाम तथा पदनाम बताए जाएं। नगर निगम तथा नगर निगम में तैनात पुलिसकर्मियों को आवंटित कार्यों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिदिन की रिपोर्टिंग करने वाले अधिकारियों के भी पूछे गए हैं।

# क्या रहे हार के कारण, सपाईयों ने दिए यह उदाहरण

# किसी ने कहा सरकारी मशीनरी का हुआ दुरुपयोग, तो किसी ने लोकतंत्र की व्यवस्था पर उठाए सवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर सीट पर हुए विधानसभा उपचुनाव के रिजल्ट ठीक नहीं रहे। जिससे समाजवादी पार्टी जो दावा कर रही थी, उससे प्रत्याशी काफी पीछे रह गए। सोमवार को दैनिक करंट क्राइम ने समाजवादी पार्टी के कई नेताओं से बातचीत की तो उन्होंने हार के कारण बताएं और यह उदाहरण भी दिए। जिसमें वोटिंग परसेंटेज से लेकर मुस्लिम इलाकों में मतदान न होने का जिक्र किया गया है। वहीं सपा नेताओं ने कहा है कि लोकतंत्र के इस चुनाव में तंत्र का भरपूर इस्तेमाल हुआ और सरकारी सिस्टम का दुरुपयोग भी किया गया है।

## सपा जिलाध्यक्ष फैसल बोले सुनियोजित थी रणनीति, साहिबाबाद से वोट डालने वालों की है सूची



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा है कि भाजपा और प्रशासन ने संयोजित ढंग से चुनाव में पहले 23000 के आसपास वोटरों का नाम लिस्ट से गायब कराया। फिर सपा के लोगों का जिन क्षेत्र में वोट प्रतिशत अधिक है वहां के बीएलओ की ड्यूटी ऐसी लगाई गई जो दो जगह ड्यूटी दे रहे थे। साथ ही एक महीने पहले रिटायर हुए लोगों भी ड्यूटी पर देखे गए। तो वहीं उन्होंने कहा है की वोटिंग वाले दिन भाजपा की कई नेताओं ने विधानसभा उपचुनाव में मताधिकार का प्रयोग किया जबकि वह दूसरे विधानसभा क्षेत्र में रहते हैं। वहीं पर्ची घर घर नहीं पहुंचने का भी दावा किया गया है।

## मधु चौधरी बोली जानता नहीं मशीनों से जीती है बीजेपी



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी की पुरानी नेता मधु चौधरी ने कहा है कि उपचुनाव में जानता नहीं मशीनों की जीत हुई है। बेईमानी की जीत हुई है, मीरपुर में तानाशाही के साथ वोटिंग कराई गई। वहीं उन्होंने भाजपा पर लोगों को बांटने और भाईचारा खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मतदान से पूर्व भी कई तरीके के ऐसे बयान और बातें की गई, जिससे समाज बंटे। पूरे चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया है।

## अभिषेक गर्ग ने कहा यह सरकार का चुनाव था



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग का कहना है कि विधानसभा उपचुनाव में जिस तरीके से 9 सीटों पर पुलिस- प्रशासन का भाजपा की ओर से पूरा दुरुप्रयोग किया गया है, इस चुनाव को जनता का चुनाव न बनाकर सरकार का चुनाव बना दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि इस चुनाव में लोक और तंत्र को अलग करके इस्तेमाल किया जाना चाहिए लेकिन यहां तंत्र का इस्तेमाल हो रहा है और लोग को दूर किया जा रहा है।

## सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा सरकार ने विपक्ष को चुनाव नहीं लड़ने दिया



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का कहना है कि जिस तरीके से अखिलेश यादव को कार्यक्रम करने से रोका गया। तो वहीं उनको एयरपोर्ट पर इंतजार कराया गया, यह साफ दर्शा रहा है कि सरकार ने समाजवादी पार्टी को चुनाव नहीं लड़ने दिया। हालांकि गाजियाबाद में भी कई तरीके की दिक्कतें और अड़चन पैदा की गई। कहीं वोटर लिस्ट से लेकर कार्यकर्ताओं के साथ गलत व्यवहार हुआ। तो वहीं जिन इलाकों में सपा को अधिक वोट डलता है वहां मतदान का प्रतिशत बता रहा है कि मतदान नहीं होने दिया गया है।

## संपादकीय

# वायु प्रदूषण की चुनौती

देश के कई शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं. मानसून के दौरान या अन्य महीनों में बारिश होने पर कुछ राहत जरूर मिलती है, पर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालना आवश्यक है. इस प्रयास में महाराष्ट्र के दो शहरों- पिंपरी चिंचवाड़ और छत्रपति संभाजीनगर- तथा ओडिशा के भुवनेश्वर में कुछ इलाकों को निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र के रूप में निर्धारित किया जा रहा है. इन इलाकों में बहुत मामूली उत्सर्जन करने वाले वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी. लंदन और कुछ अन्य यूरोपीय शहरों में ऐसे उपाय पहले किये जा चुके हैं।

महाराष्ट्र के दोनों शहरों में ऐसे क्षेत्रों को 2026 तक चिह्नित कर दिया जायेगा. ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भुवनेश्वर के लिए ऐसी योजना पिछले साल तैयार की थी. उल्लेखनीय है कि कुछ समय के लिए दिल्ली और आगरा में वाहन प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ऐसे उपाय पहले किये जाते रहे हैं. ऐसी योजनाओं से सार्वजनिक यातायात साधनों के उपयोग में बढ़ोतरी की आशा है. मेट्रो रेल तथा बसों की सुविधा से वाहन उत्सर्जन को कम करने में कुछ सफलता मिली है, पर निजी वाहनों की संख्या बढ़ते जाने से स्थिति में कोई उत्साहजनक परिवर्तन नहीं हुआ है. भीड़ वाले तथा अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में अगर वाहनों की आवाजाही को कम किया जा सके, तो इसका असर होना निश्चित है. ऐसी पहलें अन्य शहरों के लिए भी उदाहरण बन सकती हैं।

हाल में लांसेट प्लैनेटरी हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के दस बड़े शहरों- दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पुणे, शिमला और वाराणसी- में हर साल लगभग 33 हजार मौतें प्रदूषण के कारण होती हैं. वायु प्रदूषण कई बीमारियों का कारण तो बनता ही है, इससे लोगों की आयु भी घटती है. स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री भी बढ़ रही है. पर जीवाश्म ईंधनों की खपत में भारी कमी करने में अभी बहुत समय लग सकता है. ऐसे में हर तरह के उपायों को अपनाने पर विचार किया जाना चाहिए।

एक बड़ी समस्या यह है कि अनेक राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं. साल 2019 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरूआत की थी, जिसके तहत देश के 131 शहरों में प्रदूषण घटाने का लक्ष्य रखा गया है. केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार, औसतन ये शहर आवंटित राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा ही खर्च कर पाते हैं तथा 27 प्रतिशत शहर तो ऐसे हैं, जो निर्धारित बजट का 30 प्रतिशत भाग भी नहीं खर्च कर पाते. सरकारों और स्थानीय प्रशासन को मुस्तैदी से काम करने की जरूरत है।

# एसएंडपी ग्लोबल ने 2024-25 के लिए भारतीय जीडीपी पूर्वानुमान को रखा बरकरार

**नई दिल्ली।** 2025-26 और 2026-27 के लिए वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत के जीडीपी पूर्वानुमान को क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत पर रखा, जो इसके पिछले अनुमानों से 20 आधार अंक (100 आधार अंक 1 प्रतिशत अंक के बराबर है) कम है। 2027-28 के लिए, रेटिंग एजेंसी ने भारत की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 7 प्रतिशत पर रखा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के जीडीपी पूर्वानुमान को 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा, हालांकि एजेंसी ने अगले दो वर्षों के लिए आर्थिक विकास पूर्वानुमानों में कटौती की है।



2025-26 और 2026-27 के लिए वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत के जीडीपी पूर्वानुमान को क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत पर रखा, जो इसके पिछले अनुमानों से 20 आधार अंक (100 आधार अंक 1 प्रतिशत अंक के बराबर है) कम है। 2027-28 के लिए, रेटिंग एजेंसी ने भारत की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 7 प्रतिशत पर रखा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा, भारत में हम इस वित्त वर्ष (2024-25) में जीडीपी वृद्धि को 6.8 प्रतिशत पर कम होते हुए देखते हैं क्योंकि उच्च ब्याज दरें और कम राजकोषीय आवेग शहरी मांग को कम करते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सकारात्मक बने हुए हैं। वहीं सितंबर तिमाही में निर्माण क्षेत्र को हुए नुकसान के कारण विकास की गति में कुछ क्षणिक नरमी के संकेत हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था में देखी गई कमजोरी, अब पीछे रह गई है। 2024-25 (जुलाई-सितंबर) की दूसरी तिमाही में देखी गई भारतीय अर्थव्यवस्था की गति में सुस्ती हमारे पीछे रह गई है क्योंकि निजी खपत फिर से घरेलू मांग का चालक बन गई है। त्योहारी खर्च ने अक्टूबर-दिसंबर में वास्तविक गतिविधियों में इजाफा किया। अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.7 प्रतिशत बढ़ी, जो आरबीआई के 7.1 प्रतिशत पूर्वानुमान से कम है। जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जीडीपी डेटा 29 नवंबर को शाम 4 बजे आने वाला है। आरबीआई ने भारत की 2024-25 की जीडीपी वृद्धि 7.2 प्रतिशत आंकी है। आईएमएपु और विश्व बैंक ने इसे 7.0 प्रतिशत आंका है। कई वैश्विक रेटिंग एजेंसियों और बहुपक्षीय संगठनों ने भी भारत के लिए अपने विकास पूर्वानुमानों को संशोधित किया है।

साल की शुरूआत में संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण ने ₹रूढ़िवादी रूप से₹ 2024-25 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5-7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया, हालांकि सर्वेक्षण में स्वीकार किया गया है कि बाजार की अपेक्षाएं अधिक हैं। वास्तविक जीडीपी वृद्धि मुद्रास्फीति से समायोजित आर्थिक वृद्धि है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत की जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई।

## भारत को प्लास्टिक कचरे से निपटने में मदद करेगी प्लास्टोनिक्स

**टोरंटो।** भारत को प्लास्टिक कचरे से निपटने में मदद करने के लिए कनाडा स्थित प्लास्टिक रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजीज कंपनी 'प्लास्टोनिक्स' ने सोमवार को बेंगलुरु और न्यूयॉर्क स्थित आईटी सर्विस कंपनी 'वी टेक्नोलॉजीज' के साथ मिलकर काम करने का ऐलान किया है। दोनों कंपनियां प्लास्टोनिक्स की पेटेंट पेंडिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए भारत में प्लास्टिक वेस्ट रिसाइक्लिंग सिस्टम को विकसित करने के लिए 50:50 संयुक्त उद्यम का प्रयास करेंगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वी टेक्नोलॉजीज अपनी पहली सुविधा के लिए एक साइट का चयन करेगी। अपनी इन-हाउस इंजीनियरिंग टीम का इस्तेमाल करते हुए वह पायलट प्लांट को डिजाइन, निर्माण और इसके मालिकाना उपकरण और विनिर्माण के साथ जोड़ेगी। वी टेक्नोलॉजीज इस सुविधा का इस्तेमाल भारतीय बाजार के लिए प्रौद्योगिकी की व्यावसायिक-स्तरीय प्रभावशीलता को अनुकूलित करने के लिए करेगी। इसके साथ ही प्लास्टोनिक्स के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम को लाभ पहुंचाने के लिए इस जानकारी का भी उपयोग करेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, देश ने साल 2023 में लगभग 9.46 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न किया है। अनुमान है कि केवल आठ प्रतिशत प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल किया जा रहा है। प्लास्टोनिक्स के सीईओ रोलैंड कीलबासिविक्ज ने कहा, इंजीनियरिंग की अपनी महत्वपूर्ण ताकत के साथ वी टेक्नोलॉजी प्लास्टोनिक्स के लिए बेहद ही उपयुक्त है। हम आने वाले वर्षों में उनकी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।



## अदाणी पोर्टफोलियो की कंपनियों ने पेश किए शानदार नतीजे, एसेट बेस 5 लाख करोड़ रुपये के पार




**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्टफोलियो की कंपनियों ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर अवधि) और ट्रेलिंग-बाहर-महीने (टीटीएम) अवधि के नतीजे पेश किए। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में ग्रुप की पोर्टफोलियों कंपनियों ने 75,277 करोड़ रुपये की राशि निवेश की है। इसके साथ ही कुल सकल संपत्तियां 5.53 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कंपनी का एबिटा भी अपने उच्चतम स्तर 44,212 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत की बढ़त हुई है। टीटीएम एबिटा सालाना आधार पर 17.1 प्रतिशत बढ़कर 83,440 करोड़ रुपये हो गया है। अगर अदाणी पावर की पिछली अवधि की नॉन-रिकरिंग आय को मिला दिया जाए तो वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में एबिटा ग्रोथ 25.5 प्रतिशत और टीटीएम के लिए 34.3 प्रतिशत रही है। ग्रुप ने कहा कि एबिटा रन-रेट, जिसमें हाल ही में परिचालन की गई संपत्तियों से मुनाफे का वार्षिकीकरण शामिल है, अब 88,192 करोड़ रुपये है।

अदाणी समूह ने एक बयान में कहा, इस मजबूत वृद्धि का श्रेय अदाणी के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म पर रणनीतिक फोकस को दिया जाता है, जो उच्च स्थिरता और पूर्वानुमान प्रदान करता है। बयान में आगे कहा गया कि पोर्टफोलियो की सभी कंपनियों के पास कम से कम अगले 12 महीने में आने वाली सभी कर्ज भुगतान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्विडिटी है। वित्त वर्ष 2034 तक प्रत्येक वर्ष के लिए कर्ज परिपक्वता सितंबर 2024 को समाप्त टीटीएम से कम है। सितंबर 2024 को समाप्त 12 महीनों के लिए परिचालन से धन प्रवाह (एफएफओ) बढ़कर 58,908 करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 28.4 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष में ग्रुप के शानदार प्रदर्शन की वजह अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के एबिटा में उछाल आना है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, सोलर और विंड मैन्युफैक्चरिंग के अच्छे प्रदर्शन के कारण एबिटा वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में एईएल का एबिटा सालाना आधार पर 70.14 प्रतिशत बढ़ा है। अदाणी एंटरप्राइजेज के तहत आने वाला कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजनेस (यूटिलिटी, ट्रांसपोर्ट और इन्फ्रास्ट्रक्चर) की वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में एबिटा में हिस्सेदारी 86.8 प्रतिशत रही है। ग्रुप ने आगे कहा कि नेट डेट-टू-एबिटा 2.46 गुणा रहा है जो कि मैनेजमेंट की गाइडेंस 3.5 से 4.5 गुणा से काफी कम है।

# भारत की आर्थिक विकास दर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में पकड़ेगी रफ्तार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2024) की तुलना में तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) में तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है। इसकी वजह आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने के सकारात्मक संकेत मिलना है। आईसीआरए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि नवंबर के प्राथमिक डेटा से सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। बिजली की मांग में वृद्धि देखने को मिली है। वहीं, फेस्टिव सीजन में मांग बढ़ने के कारण वाहनों के पंजीकरण में भी इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इन ट्रेंड्स को देखकर आईसीआरए को लगता है कि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही से अधिक रहेगी। आईसीआरए की रिपोर्ट के मुताबिक, मोबिलिटी और ट्रांसपोर्ट के आर्थिक संकेताकों में काफी बढ़त देखने को मिली है। अक्टूबर 2024 में वाहन पंजीकरण में सालाना आधार पर 32.4 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। यह सितंबर 2024 में हुई 8.7 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले काफी सकारात्मक है। इसके अलावा दोपहिया वाहनों का उत्पादन 13.4 प्रतिशत बढ़ा है। रेल माल ढुलाई में 1.5 प्रतिशत का सुधार हुआ है। वहीं, डीजल खपत में मामूली 0.1 प्रतिशत की बढ़त हुई है। सितंबर में डीजल की खपत में 1.9 प्रतिशत की गिरावट हुई थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत के गैर-तेल निर्यात में अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 25.6 प्रतिशत की बढ़त हुई है। वहीं, सितंबर में यह 6.8 प्रतिशत थी। इस वृद्धि में मुख्य योगदान इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान, केमिकल और रेडीमेड गारमेंट्स आदि का रहा है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि आईसीआरए के बिजनेस एक्टिविटी मॉनिटर, जो आर्थिक गतिविधि का एक समग्र संकेतक है, इसमें अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दिखी गई है, जो आठ महीनों में सबसे अधिक है।



अधिक बेस की चुनौती के बावजूद, सितंबर 2024 में दर्ज की गई 6.6 प्रतिशत की वृद्धि से यह अधिक है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि यह रुझान दिखते हैं कि आने वाले समय में जीडीपी वृद्धि दर मजबूत रहेगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- वे किसान जिन्होंने किसी नाम से अपनी गायों को बुलाया है, उन लोगों ने ऐसा ना करने वालों की तुलना में 258 लीटर अधिक दूध उपज दर्ज किया है।
- क्या आप जानते हैं? अधिकांश गायों ने संगीत को सुनने के दौरान अधिक दूध दिया है।
- पूर्वी एशिया में, मंगोलिया में दूध का भारी मात्रा में इस्तेमाल किया गया था, लेकिन चीन में दूध की खपत अलग-अलग शैली में परिवर्तित होती रहती थी। दक्षिण कोरिया से आयातित गायों से जापानी डेयरी उत्पादों का उपभोग किया गया था!
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की दूध की बाल्टी में एक मेंढक डालने से दूध को खारा होने से बचाने का एक प्राचीन रूसी तरीका था। इस पद्धति का अध्ययन करके, वैज्ञानिकों ने नए एंटीबायोटिक पदार्थों के धन की पहचान की है।
- क्या आप जानते हैं? याक का दूध गुलाबी होता है!
- दूध ही एकमात्र पूर्ण खाना है जिससे आप पूरी तरह से जीवित रह सकते हैं, जिससे आपके शरीर के हर पोषक तत्व को जीवित रहने की आवश्यकता होती है!

## राशिफल

**मेष:** संतुष्ट जीवन के लिए अपनी मानसिक दृढ़ता बढ़ाएँ। जो निवेश योजनाएं आपको आकर्षित कर रही हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें-

**वृष:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा. आपके मन की इच्छा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में लाभ होगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नए कदम उठाएंगे।

**मिथुन:** आज मिथुन राशि के जातकों के लिए आर्थिक समस्या उत्पन्न हो सकती है. आज का दिन आपको राजकीय सम्मान दिलाएगा। कार्य में प्रगति होगी।

**कर्क:** आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं और उम्मीदों के लिए नए दरवाजे खोल देगी।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा. आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं उसमें कुछ रुकावटें आ सकती हैं। किसी पुराने मित्र से मिलने उनके घर जा सकते हैं।

**कन्या:** आज आपको अपने जीवन में बड़ी सफलता मिलने के योग बनते नजर आ रहे हैं। खासकर शुक्रवार के दिन प्रेम जीवन में आपको अच्छी सफलता मिल सकती है।

**तुला:** घर का काम करते समय विशेष सावधानी बरतें। घरेलू सामानों का लापरवाही से इस्तेमाल आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपके प्रयास पूरी तरह सफल होंगे। मित्रों के साथ मनाएंगे। आपका व्यक्तित्व आकर्षक रहेगा।

**धनु:** आज अगर आपने अपने गुस्से पर काबू नहीं रखा तो आप किसी व्यर्थ के विवाद में फंस सकते हैं। जीवनसाथी के कारण मानसिक तनाव बढ़ सकता है।

**मकर:** मनन और आत्मनिरीक्षण लाभकारी सिद्ध होगा। अवास्तविक योजनाएँ धन में कमी कर सकती हैं। समय पर मदद किसी को बड़ी मुसीबत से बचा सकती है।

**कुंभ:** आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की योजना बना सकते हैं। सुख मिलेगा। आप फिट महसूस करेंगे।

**मीन:** आज के दिन आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि सरकार विरोधी प्रवृतियों के कारण समस्या उत्पन्न न हो। व्यय की मात्रा में वृद्धि होगी।

## चुटकुले

पति ने पत्नी के लिए सूजी की बनाई खास डिश
पत्नी- सूजी के हलवे में चीनी कम है
पति- लेकिन ये तो उपमा बनाया था मैंने
पत्नी- अच्छा, फिर नमक ज्यादा है उपमा में
पति बेहोश।

---

एक लड़का पहली बार ससुराल आता है
साली (जीजा से)- ये लीजिए केसर वाला दूध
जीजा- पर इसमें से तो अजीब सी महक आ रही है
साली- वो केसर खत्म हो गया था
तो मैंने आपकी पॉकेट से पान मसाला निकालकर डाल दिया
जीजा- वो क्यों?
क्योंकि इसके दाने-दाने में है केसर का दम!

---

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया
पुलिसवाला- रुको
औरत- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
पुलिसवाला- अहा, इस दिन के इंतजार में तो मैं कई सालों से था
लो अब 100 बार लिखो कि मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नहीं तोड़ूंगी!

## करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

26 11 2024 **आज के जन्मदिन**

**सेलेब्रिटी जन्मदिन**



अर्जुन रामपाल (अभिनेता)



कविता सिंह, रश्मि सवदेवा, अनुराधा त्यागी, राहुल चौधरी डैनी, मयंक गर्ग, जोगिन्दर सिंह, पंकज प्रयादर्शी, सौरभ मित्तल, विनोद तेजस्वी, मंटू वैद्य, मुकेश यादव, पुष्पांकर गुप्ता, संजय कुमार, गौरव सिंह, मनोज पटेल, प्रतीक चड्ढा, प्रभाकर तिवारी, गौरव सहगल, हिमांशु त्यागी, दिनेश, भरत राणा, भजनलाल, अंकुर यादव, हिमांशु कौशिक

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत ने 295 रनों से जीता पर्थ टेस्ट जसप्रीत बुमराह बने प्लेयर ऑफ द मैच



**पर्थ, 25 नवंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत जीत के साथ करते हुए पर्थ टेस्ट मैच को 295 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया है। इसके साथ ही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम 1-0 से आगे हो गई है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में जीत के लिए 534 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में मेजबान टीम 238 रनों पर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने विशाल टारगेट के जवाब में तीसरे दिन के तीसरे सत्र में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। चौथे दिन की शुरूआत में ही मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को पंत के हाथ कैच आउट कराकर एक बड़ा झटका दिया। ख्वाजा ने इस पारी में 4 रनों का योगदान दिया।

इसके बाद मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने एक साझेदारी बनाने की कोशिश की और दोनों ने टीम का स्कोर 79 तक पहुंचाया। लंच से पहले भारत को एक और बड़ी सफलता तक मिली जब सिराज ने पंत के ही हाथों कैच आउट कराकर इस स्मिथ की 17 रनों की पारी का अंत कर दिया। स्टीव स्मिथ ने आउट होने से पहले 60 गेंदों का सामना किया और एक भी बाउंड्री नहीं लगाई।

इसी बीच ट्रेविस हेड के तेज अर्धशतक के चलते ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तेजी से आगे बढ़ा लेकिन लंच तक उनकी आधी टीम केवल 104 रनों के स्कोर पर ही आउट हो चुकी थी।

लंच के बाद हेड ने अपनी पारी को गति के साथ आगे बढ़ाना जारी रखा और कुछ शानदार शॉट्स खेले। हेड को 89 रनों के निजी स्कोर पर बुमराह ने पंत के हाथों कैच आउट कराकर भारत को एक और अहम सफलता दिलाई। हेड ने 101 गेंदों पर 8 चौके लगाए। इसके बाद नीतिश रेड्डी ने मिशेल मार्श की 67 गेंदों पर खेली गई 47 रनों की पारी का अंत कर दिया।

इसके बाद सिर्फ विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ही निचले क्रम पर भारतीय गेंदबाजी का प्रतिरोध कर सके, जबकि दूसरे छोर पर विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। वाशिंगटन सुंदर ने मिशेल स्टार्क (12) और नाथन लियोन (0) के विकेट हासिल किए। वहीं, हर्षित राणा ने कैरी को बोल्ड करके विजयी विकेट हासिल किया। कैरी ने 58 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को तीन-तीन विकेट मिले। सुंदर ने दो, हर्षित राणा और नीतिश रेड्डी ने एक-एक विकेट लिया। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह को मैच में आठ विकेट लेने के चलते प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। बुमराह ने पहली पारी में 30 रन देकर पांच विकेट लिए थे और अपनी गेंदबाजी से भारत को मैच जिताने में अहम योगदान दिया।

# लखनऊ सुपरजायंट्स के शाश्वत गोयनका ने कहा, 'ऋषभ पंत हमेशा हमारे रडार पर थे'



**नई दिल्ली, 25 नवंबर।** आईपीएल इतिहास में ऋषभ पंत ने अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया। वह लीग के इतिहास में अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने विकेटकीपर-बल्लेबाज को 27 करोड़ रुपये में खरीदा। यह लखनऊ का एक रणनीतिक मास्टरस्ट्रोक था, जो अपनी टीम की कमान संभालने के लिए एक अनुभवी लीडर की तलाश में थे। लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका के बेटे शाश्वत गोयनका ने दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान को हासिल करने के बाद फ्रेंचाइजी के विचारों को साझा किया।

शाश्वत ने आईएएनएस से कहा, ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल करना शानदार है। मुझे लगता है कि हर कोई इसी सोच के साथ आया था और यह हमारी सूची में भी था। इसलिए हमारे लिए यह एक अच्छी खरीद थी। ऋषभ को लेकर पैसे के बारे में नहीं सोचा गया था, वह हमारे रडार पर थे क्योंकि हम एक अनुभवी कप्तान की तलाश में थे। पंत के पास टूनार्मेंट में कप्तानी करने का अच्छा अनुभव है, लेकिन हमारे पास यह तय करने के लिए समय है कि टीम का नेतृत्व कौन करेगा। हमारी प्राथमिकता कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो सभी मैच खेल सके और टीम का अच्छे से मार्गदर्शन कर सके।

# पर्थ टेस्ट जीतने के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में नंबर-1 पर भारत



**नई दिल्ली 25 नवंबर।** पर्थ स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरूआती टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को पहले टेस्ट के चौथे दिन 295 रनों की शानदार जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में नंबर-1 पर पहुंच गया है।

295 रनों की जीत भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर से बाहर रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत थी, जिसने 1977 में मेलबर्न में मिली 222 रनों की जीत को पीछे छोड़ दिया।

> **भारत का पॉइंट प्रतिशत बढ़कर 61.11 हो गया**

इस महीने की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से हारने के बाद भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह पक्की करने के लिए बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के पांच मैचों में से कम से कम चार मैच जीतने की जरूरत थी। इस क्रम में भारत ने पर्थ में शानदार जीत के साथ एक पड़ाव पार कर लिया है।

भारत का पॉइंट प्रतिशत बढ़कर 61.11 हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया 9 टीमों की पॉइंट टेबल में दूसरे स्थान पर खिसक गया। हालांकि कंगारू टीम 57.69 पीटीसी के साथ अभी भी अपने खिताब को बचाने की दौड़ में है। भारत को 11 जून को लॉर्ड्स में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफिकेशन सुनिश्चित करने के लिए अपने शेष चार मैचों में से तीन जीतने की जरूरत है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अब एडिलेड ओवल में डे-नाइट पिंक बॉल टेस्ट के लिए एडिलेड की यात्रा करेंगे, जो 6-10 दिसंबर तक होगा।

इसके अलावा, दो अन्य टीमें भी फाइनल मुकाबले में जगह बनाने की दौड़ में हैं, जिसमें श्रीलंका भी शामिल है जो 55.56 अंक प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है, तथा घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड पर 2-0 की श्रृंखला जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है।

श्रीलंका को अपने बचे हुए चार टेस्ट मैचों में से तीन और जीत की जरूरत है, लेकिन उनका काम मुश्किल होगा क्योंकि 27 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैच होने हैं। 2025 में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो मैचों की सीरीज भी होनी है।

इस बीच, न्यूजीलैंड 54.55 पीसीटी के साथ चौथे स्थान पर है और 28 नवंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड के साथ भिड़ने पर लॉर्ड्स में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगा।

# अर्शदीप सिंह के कोच ने कहा 'ये उनकी कड़ी मेहनत का फल'



**नई दिल्ली, 25 नवंबर।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पंजाब किंग्स ने आरटीएम के जरिये 18 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। उन्हें लेकर कई फ्रेंचाइजी में जबरदस्त होड़ देखने के लिए मिली, लेकिन पंजा किंग्स आखिर में आरटीएम का इस्तेमाल कर उसे अपने पास बरकरार रखने में सफल रही।

हाल के दिनों में अर्शदीप सीमित ओवर की क्रिकेट में टीम इंडिया के मुख्य गेंदबाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने भारत की ओर से सफेद बॉल की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया और खूब विकेट चटकाए। अर्शदीप साल की शुरूआत में टी20 विश्व कप में 8 मैचों में 17 विकेट लेकर हीरो बनकर उभरे थे। वह भारत के सफल टी20 विश्व कप 2024 अभियान में एक अहम खिलाड़ी रहे।

अर्शदीप सिंह के कोच जसवंत राय ने कहा, वह नीलामी में अर्शदीप की बंपर कीमत से काफी खुश हैं। कई टीमों ने उनके लिए बड़ी बोली लगाई जबकि पंजाब किंग्स ने इन पर एक बार फिर भरोसा जताया। यह सभी चीजें उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है। इस बार उम्मीद है कि पंजाब टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। कोच और कप्तान नए हैं, टीम कॉम्बिनेशन भी अच्छा है।

उन्होंने आगे कहा, 2 से 3 वर्षों से अर्शदीप अच्छा कर रहा था उसको मेहनत का फल मिला है, वो इस कीमत का हकदार था। पंजाब ने एक नई टीम बनाई है। कप्तान श्रेस अय्यर, मैक्सवेल , स्टोनियस जैसे कई नाम टीम के साथ जुड़े हैं।

स्पिन गेंदबाज के रूप में चहल आए हैं। उम्मीद करते है पंजाब अच्छा प्रदर्शन करेगी। टूनार्मेंट में 20 लाख से फिर 4 करोड़ और अब 18 करोड़ में खरीदे जाने से अर्शदीप का मनोबल बढ़ेगा।

अर्शदीप के टेस्ट डेब्यू पर उनके कोच ने कहा कि वह लाल गेंद से भी मेहनत कर रहा है। हाल में उसने काउंटी भी खेला था। फिलहाल वह टी20 पर पूरी तरह फोकस कर रहा है। उम्मीद है कि आने वाले 1-2 वर्षों में वह टेस्ट टीम में भी नजर आएगा।

अर्शदीप सिंह ने पंजाब किंग्स के लिए 2019 में डेब्यू किया था और 2024 तक वह पंजाब किंग्स के लिए 65 मैच खेले, जिसमें उनके नाम 76 शिकार हैं। इस दौरान वो एक मैच में पांच विकेट और दो मैचों में चार विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। हालांकि अर्शदीप सिंह का इकॉनमी रेट काफी ज्यादा रहा है। वह 9 रन प्रति ओवर रन लुटाते हैं लेकिन अब ये खिलाड़ी अलग स्तर पर है और यही वजह है कि उन्हें आईपीएल 2025 में मोटी रकम हासिल हुई है।

# पोंटिंग के नेतृत्व में खेलना मेरे लिए बहुत खास : स्टोइनिस



**जेद्दा, 25 नवंबर।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस पंजाब किंग्स में शामिल होकर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह पूर्व महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग के मार्गदर्शन में इस लीग में खेलने को लेकर बेहद खुश हैं।

उनकी पूर्व टीम लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा आरटीएम (राइट टू मैच) कार्ड का उपयोग करने से इनकार करने के बाद, पंजाब किंग्स ने इस ऑलराउंडर को अपने साथ जोड़ लिया। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच पोंटिंग के साथ काम करने को लेकर स्टोइनिस उत्सुक हैं।

स्टोइनिस ने कहा, ₹आईपीएल नीलामी हमेशा रोमांचक होती है। एक खिलाड़ी के तौर पर आप कभी नहीं जानते कि आप कहां पहुंचने वाले हैं। मेरे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि मैं हेड कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में पंजाब किंग्स के साथ जुड़ पाया। मैंने अपना फोन नहीं चेक किया है, मैंने अभी तक किसी से बात नहीं की है। लेकिन मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता।₹

आईपीएल के पिछले संस्करण में वह बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे। स्टोइनिस ने अकेले ही अपनी पूर्व टीम को कई मौकों पर जीत दिलाने में मदद की। उन्होंने आईपीएल 2024 में 147.52 की स्ट्राइक रेट से 388 रन बनाए।

# आईपीएल नीलामी में हम समझदारी से करेंगे चयन : एमआई हेड कोच जयवर्धने




**जेद्दा, 25 नवंबर।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में धीमी शुरूआत करने वालों में से रही और उसने पहले दिन सिर्फ चार खिलाड़ियों की खरीद की।

मुंबई इंडियंस ने पहले ही अपने कोर ग्रुप को रिटेन कर लिया था, जिनके पास अपार अनुभव भी था। हालांकि, नीलामी के पहले दिन यह टीम थोड़ी पीछे नजर आई। इस पर टीम के हेड कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि नीलामी पूल में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं और टीम समझदारी से चयन करना चाहती है।

नीलामी के पहले दिन, मुंबई इंडियंस ने ट्रेंट बोल्ट (12.50 करोड़), नमन धीर (5.25 करोड़), रॉबिन मिंज (65 लाख) और कर्ण शर्मा (50 लाख) को अपने साथ जोड़ा। उनके पास अब 21.6 करोड़ रुपये का पर्स बाकी है।

जयवर्धने ने फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह इस मायने में एक अद्भुत नीलामी थी कि हम जानते थे कि क्या होने वाला है। जब हमने खिलाड़ियों की लिस्ट देखी, तो पता चला कि इस नीलामी के दो भाग हैं। इसलिए हमें पता था कि अगर हम इस रास्ते पर चल रहे हैं, तो हमें धैर्य रखना होगा। लिस्ट में 400 या उससे अधिक खिलाड़ी हैं। इसलिए हम चुन सकते हैं और बहुत सारी प्रतिभाएं हैं जिन्हें हम समझदारी से चुनने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे दिन की नीलामी से पहले उनके पास पर्याप्त पर्स है, जिससे उन्हें अपनी योजनाओं को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

बोल्ट और धीर पहले भी मुंबई टीम का हिस्सा रह चुके हैं और जयवर्धने ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने अपने पांच रिटेन खिलाड़ियों (जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा) के साथ मजबूत टीम बनाने के कारक को ध्यान में रखा है।

# अंतर्राष्ट्रीय टी20 में महज 7 रनों पर ऑलआउट हुई टीम

## पहली बार बना 10 से कम रन का स्कोर



**नई दिल्ली, 25 नवंबर।** अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में किसी भी टीम का मात्र 7 रन पर ऑल आउट होना काफी हैरान करने वाला है। लेकिन सच यही है और टी20 क्रिकेट में सबसे कम स्कोर बनाने का शर्मनाक रिकॉर्ड आइवरी कोस्ट के नाम दर्ज हुआ है। यह टीम नाइजीरिया के खिलाफ हुए मुकाबले में महज 7 रनों पर ढेर हो गई।

आइवरी कोस्ट ने रविवार को लागोस में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप सब रीजनल क्वालीफायर मैच में एक शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया। आइवरी कोस्ट की टीम नाइजीरिया के खिलाफ सिर्फ सात रन पर आउट हो गई और इस तरह उन्होंने 264 रनों से यह मुकाबला गंवाया।

नाइजीरिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और प्लेयर ऑफ द मैच सेलिम सलाउ ने शतक बनाया। वह 53 गेंदों पर 112 रन बनाकर रिटायर आउट हो गए। इस बीच, सुलेमान रनसेवे (50) और इसाक ओक्पे (नाबाद 65) ने आइवरी कोस्ट को 271/4 तक पहुंचाया।

फिर नाइजीरिया ने आइवरी कोस्ट के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिसमें बाएं हाथ के स्पिनर इसहाक दानलाडी और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रॉस्पर उसेनी ने क्रमशः तीन-तीन विकेट लिए। इसके अलावा, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पीटर अहो ने दो और सिल्वेस्टर ओक्पे ने एक विकेट लिया।

आइवरी कोस्ट की ओर से 11 में से 7 बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। एक बल्लेबाज सबसे ज्यादा 4 रन ही बना सका। बाकी के 3 बल्लेबाज सिर्फ 1-1 रन के निजी स्कोर पर आउट हुए।

# 18 करोड़ में पंजाब किंग्स के हुए स्पिनर युजवेंद्र चहल ने कहा, 'मैं इस कीमत का हकदार'




**नई दिल्ली, 24 नवंबर।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को आईपीएल की मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपये में खरीदा है। नई टीम में एक मोटी रकम के साथ शामिल होकर चहल काफी खुश हैं। लेग स्पिनर ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स द्वारा रिटेन नहीं किए जाने के बाद वह इस कीमत के हकदार थे।

चहल ने जियोसिनेमा पर कहा, मैं काफी घबराया और बेचैन था, क्योंकि यह राशि पिछले तीन सीजन में मुझे मिली कुल राशि के बराबर है। मुझे लगता है कि मैं इस कीमत का हकदार हूं। जो भी जिस कीमत पर खरीदा गया है, वह उसका हकदार है। उन्होंने कहा, कभी-कभी टीमों के पास पर्स नहीं होता है और उन्हें मुख्य नीलामी में पूरी टीम की योजना बनानी होती है। मेरे लिए, चुने जाने का मतलब है कि ये दो महीने आपको अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। चाहे आप युवा हों या सीनियर। आपको इस मंच से बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है।

भविष्य में अर्शदीप सिंह और श्रेयस अय्यर के साथ खेलने की संभावना पर, जिन्हें पंजाब ने क्रमशः 18 करोड़ रुपये और 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है, चहल ने कहा, मैं इसको लेकर काफी उत्साहित हूं क्योंकि श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह के साथ मेरा रिश्ता मजबूत है। मुझे रिकी पोंटिंग सर से भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

चहल ने साथी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ बिताए समय को याद करते हुए कहा कि उन्होंने इस अनुभवी गेंदबाज से बहुत कुछ सीखा है।

चहल ने कहा, चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने से बड़े स्टेडियम में खेलने का मेरा डर खत्म हो गया। मैंने अश्विन के साथ तीन साल तक खेला और उनसे बहुत कुछ सीखा, वह एक दिग्गज हैं। आप हमेशा अपने साथी स्पिनर का समर्थन चाहते हैं क्योंकि यह आखिरकार एक टीम गेम है। जब आपके पास मदद करने के लिए एक और स्पिनर होता है तो यह बहुत बेहतर होता है।

# दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच बदानी ने कहा, 'राहुल और स्टार्क दोनों विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं'






**जेद्दा, 24 नवंबर।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के पहले दिन के पहले हाफ में दो महत्वपूर्ण खरीद की। इस टीम ने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जबकि भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल को 14 करोड़ रुपये की रकम में अपने साथ जोड़ा।

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमंग बदानी ने खरीद पर कमेंट करते हुए कहा, इन खिलाड़ियों की खरीद से काफी खुश हूं। केएल और स्टार्क दोनों ही विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। वास्तव में, वे अभी भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया में एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं, इसलिए यह काफी दिलचस्प है।

उन्होंने कहा, स्टार्क मैच विनर है, वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं हो सकती। केएल राहुल के साथ भी कुछ ऐसा ही है। वह एक भरोसेमंद खिलाड़ी है, जो हर सीजन में रन बनाता है। मेरे लिए इस समय, यह नीलामी की सबसे अच्छी खरीद है। लेकिन यह कहने के बाद, अभी और काम करना बाकी है।

मेगा नीलामी के पहले सत्र के बारे में बोलते हुए बदानी ने कहा, शुरूआत सही रही है। हमने संयम बनाए रखा और हम खर्चों को लेकर सावधान रहे हैं। लेकिन हम उन निश्चित संख्याओं पर अड़े रहे हैं जो हमारे दिमाग में थीं। मुझे लगता है कि अब तक, हमने अच्छी तरह से रणनीति बनाने और अच्छी तरह से योजना बनाने का लाभ उठाया है।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए मेगा नीलामी में सबसे पहले स्टार्क को 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कोलकाता नाइट राइडर्स की आईपीएल 2024 जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अपने करियर में उन्होंने 142 टी20 मैचों में 193 विकेट लिए हैं।

दूसरी ओर, 14 करोड़ रुपये में खरीदे गए राहुल आईपीएल के अनुभवी खिलाड़ी हैं और भारत के लिए तीनों प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। अपने टी20 करियर में विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 226 मैचों में 7,586 रन बनाए हैं, जिसमें 65 अर्धशतक और छह शतक शामिल हैं।

# डॉक्टर शिवम त्यागी का शुभ विवाह डॉक्टर फाल्गुनी त्यागी के साथ धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद करंट क्राइम। निगम पार्षद वीरेंद्र त्यागी के सुपुत्र डॉक्टर शिवम त्यागी का शुभ विवाह डॉक्टर फाल्गुनी त्यागी के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, बीजेपी नेता नीरज सिंह, सांसद राजकुमार सांगवान, मेयर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, आईए एस कंचन वर्मा, सहित कई गणमान्य लोग पहुंचे।




## चुनावी फेस की नही हैं कोई मिस्टेक, असली जड़ है ये सूटकेस

चार बार सूबे की सत्ता पर काबिज होने वाला और गाजियाबाद को चार विधायक देने वाला हाथी तीसरी पायदान पर रह गया और जमानत भी नही बचा पाया। साईकिल वालों का जाटव कम से कम रनरअप तो रह गया, ये बात अलग हैं कि रेस में वो बहुत पीछे रह गया। कमी कहां रह गई के सवाल पर पुराने महावत ने ही कहा कि कमी हम में ही है और किसी की ताकत नही कि सुप्रीमों के सामने इस सच को बोल सकें। कहा कि लाईनपार वाले शुक्ला जी हों या चौपले वाले गर्ग जी हों ये सब ना तो मिशनरी है और ना ही अम्बेडकरवादी हैं। ये तो अवसरवादी हैं और चुनाव लड़ने का अवसर तलाशते हुये इधर आ जाते हैं। इनका न तो चुनावी सियासी फेस होता हैं और ना ही अपने समाज में इनका अपना कोई बेस होता है इनके पास तो बस सूटकेस होता है। लिहाजा गलती चुनावी फेस की तो है ही नही और असली जड़ तो ये सूटकेस है। जिस दिन ये कल्चर खत्म हो गया और पहले फेस देखा जायेगा फिर बेस देखा जायेगा और चुनाव के लिये सूटकेस भी देखा जायेगा। उस दिन आप देख लेना नीली बिरादरी का जलवा।

## अगर फेंट ही रहे हो गड्डी, तो बाहर कर देना इस बार रद्दी

टीआरपी वाले भगवा कमांडर तो पहुंच गये है यूपी विधानसभा में और अब सुना है कि सगंठन वाली गड्डी रिशफल हो रही हैं मतलब पत्ते फेंटे जा रहे हैं। भगवा कमांडर का दिल तो बड़ा था और वो मजबूत पत्ता ना होने पर जोकर से भी काम चला लेते थे। अब सुना है कि ताज किसी और चेहरे के सिर पर आयेगा। दल वाले देवतुल्य ने ही कहा कि नाम तो सब तय होकर ही आने हैं लेकिन एक इल्तजा जरूर सगंठन वालों से हैं। उन्होने कहा कि अगर गड्डी फेंट ही रहे हो तो फिर महानगर से लेकर मडंल तक उद्वार होना चाहिये। ओवर स्पीड वाले का भी चालान होना चाहिये। व्यवहार भी एक मानक सियासत में होना चाहिये उन्होने कहा कि अगर गड्डी फेंट ही रहे हो तो रद्दी भी बाहर होना चाहिये। हर बार अगर वो ही पुराने चेहरे आ जायेगें तो फिर नये कर्मठ देवतुल्य आखिर कहां जायेगें। इस बार टीम में नये चेहरों को मौका दिया जाना चाहिये।

## बोला साईकिल सवार, हम से नहीं मिला एक बार भी उम्मीदवार

शहर के उप चुनाव का नतीजा आ गया और जिसका जो सियासी फजीता होना था वो हो गया। फूल वालों के सीएम क्या और डिप्टी सीएम क्या, मंत्री क्या और संतरी क्या सब के सब डेरा डाले हुये थे। सुना है कि साईकिल सम्राट तो सम्मेलन के बाद से ही नाराज थे और अब पता चला है कि उम्मीदवार ने हाथ साईकिल सब एक भाव से तौल दिये थे। साईकिल के पुराने सवार ने कहा कि वो तो हवा के घोड़े पर सवार था। उन्होने बताया कि हाथ वालों की तो बात ही छोड़ो हमारा उम्मीदवार तो पूरे चुनाव में हमसे भी एक बार नही मिला। हाथ वालों की भी इंटरनली शिकायत यहीं हैं कि अगर तालमेल के साथ ये मैच होता तो रोचकता अंतिम राऊंड तक रहती भले ही नतीजा कुछ भी रहता।

## हवा की सेहत में सुधार नहीं ऑनलाइन ही चलेगी पढ़ाई

**गाजियाबाद/साहिबाबाद।** हवा की सेहत में सुधार नहीं होने की वजह से अभी स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं ही चलेंगी। हालांकि, पिछले 10-15 दिनों की तुलना में रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कम लेकिन खराब श्रेणी में ही 252 दर्ज किया गया। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्कूलों को बंद रखने और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करन के आदेश दिए गए हैं। जब तक प्रदूषण का स्तर कम नहीं होगा तब तक स्कूल बंद ही रहेंगे। सोमवार को भी स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई ही होगी। दिल्ली के प्रदूषण स्तर में कमी आने के बाद ही स्कूलों को खोला जाएगा। 18 नवंबर को जिले का एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया था। इसके बाद डीएम ने आदेश जारी कर स्कूलों को ऑनलाइन चलाने का आदेश जारी किया था।




## कब लगेगा नदिया पार में नए थाने का बोर्ड

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के घोषणा वाले आज दो वर्ष पूरे होने वाले हैं लेकिन पुलिस कमिश्नरेट में थानों की संख्या और नए ऑफिस का वेट अभी भी बना हुआ है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि अभी भी नदिया पार में लगने वाले नए थाने का बोर्ड अभी भी वेटिंग बना हुआ है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं की जगह वाला मामला तो फाइनल हो गया था लेकिन कुछ बात अटकी हुई बताई जा रही है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है की भूमि सेल वाले भी अभी तक इस मामले में कुछ हल नहीं निकाल पाए हैं। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि दो साल पूरे होने के बाद कभी भी कुछ नए और थानों को लेकर सूचनाओं और जानकारी फ्लैश कराई जाएगी। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ में कई अधिकारियों के कार्यालय में चर्चा शुरू हो गई है कि उत्तर प्रदेश में बड़ी तबादला एक्सप्रेस चलने वाली है। देखना होगा कि इस तबादला एक्सप्रेस का असर पश्चिम उत्तर प्रदेश के किस कमिश्नरेट में होगा यह तो लिस्ट आने के बाद ही फाइनल होगा। वहीं कई डीआईजी स्तर से लेकर आईजी स्तर के साहब लोगों के लिए सूचनाएं आने की चर्चाएं हैं। सुनने में आ रहा है कि पूर्वांचल के एक कमिश्नरेट को लेकर कुछ सूचनाएं आएगी। तो वहीं कुभ नगरी के लिए भी किसी को भेजा जा सकता है। कुल मिलाकर कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी मामला राइट बना रहेगा, यहां की सिचुएशन फाइन बताई जा रही हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं की नदिया पार के एक थाने के साथ ही लाइन पार और सिटी में भी दो थानों को लेकर हलचल हो सकती है। वहीं देहात को लेकर भी कुछ सूचनाएं सुनने में आ सकती हैं। वहीं देहात वाले एक मामले में कार्रवाई के पेपरों पर साइन का वेट बताया जा रहा है। वहीं देखना होगा कि 26 नवंबर के दिन ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्थापना की घोषणा हुई थी, स्थापना की घोषणा हुए दो वर्ष पूरे हो गए हैं। देखना होगा कि कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में 40 प्लस थानों का जो सपना दिखाया गया था। वह अभी काफी पीछे चल रहा है। तो वहीं जिस तरीके के हालात और बजट वाली स्थिति है उसे देखकर अभी नहीं लगता कि पुलिस ऑफिस नए लुक में जल्द बनना शुरू होगा।




## जनता कॉलेज में प्रबंध समिति की बैठक आयोजित



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** जनता पीजी कॉलेज पतला गाजियाबाद में सोमवार को प्रबंध समिति की एक आवश्यक बैठक कॉलेज के अध्यक्ष सुबोध कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्त समिति बनाने पर विचार किया गया। महाविद्यालय में यूजीसी द्वारा बनाए गए दो कमरे और बरामदे के ऊपर दो कमरे व बरामदा बनवाने में धन की व्यवस्था करने पर विचार-विमर्श हुआ। बिल्डिंग



निर्माण समिति एवं क्रय-विक्रय समिति बनाने पर चर्चा की गई। चयन समिति में प्रबंध समिति के एक सदस्य को नामित करने पर विचार किया गया। इन चार एजेंडों पर सफल बैठक हुई।

बैठक में प्राचार्य अतुल गोयल जी, प्रबंधक राजेंद्र चिकारा, संरक्षक चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, संस्थापक चौ. तेजपाल सिंह, पूर्व प्रबंधक योगेंद्र पतला, पूर्व प्रबंधक कृष्णपाल चिकारा, पूर्व प्रबंधक विनोद कुमार व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने इस मीटिंग में भाग लिया।

# नोएडा के गांव में किया जा रहा सैटेलाइट इमेज सर्वे

## 3 गांवों में काम लगभग पूरा, किसान लगातार कर रहे थे मांग

**नोएडा करंट क्राइम।** किसानों की मांग के अनुसार नोएडा प्राधिकरण ने गांवों में आबादी निपटारा के लिए सर्वे शुरू कर दी है। नोएडा के याकूबपुर व बादौली गांव में सर्वे की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं। गेझा गांव पहले भी सर्वे हो चुका है, एक बार फिर किया जा रहा है। गांवों में प्राधिकरण के भू-लेख विभाग की टीम सर्वे कर रही है। गांव में जिन भी किसानों के नाम पर अतिक्रमण की आपत्ति दर्ज है उनकी उस जगह को देखा जा रहा है।

### अतिक्रमण होने पर नहीं मिलता मुआवजा

किसानों सालों से आबादी निपटारा करने की मांग प्राधिकरण से करते आ रहे हैं। अतिक्रमण होने के कारण



प्राधिकरण किसानों को दिए जाने वाले 5 प्रतिशत भूखंड व मुआवजे की प्रक्रिया को रोक देता है। वहीं किसानों का तर्क होता है कि उन्होंने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं कर रखा है।

प्राधिकरण जिसे अतिक्रमण बता रहा है वह उनकी सालों पुरानी आबादी है। प्राधिकरण आबादी की जमीन परिवार में प्रति नाबालिग के लिए प्रति 450 वर्ग मीटर छोड़ता है। साल 2021 में यह नियम भी बना था।

### सैटेलाइट इमेज से किया जा रहा सर्वे

अगर अविवाहित बेटी घर में है तो उसके नाम पर भी 450 वर्ग मीटर जमीन प्राधिकरण छोड़ेगा। इन मानक के आधार पर किसान के कब्जे की जमीन देखी जाएगी और फिर निपटारा होगा। प्राधिकरण 30 जून 2011 को डेडलाइन मानकर गांवों में आबादी की जमीन छोड़ रहा है। उस समय की सैटेलाइट की तस्वीरें प्राधिकरण के पास मौजूद हैं। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में शामिल 81 गांव में अधिकतर गांव के किसानों के नाम पर अतिक्रमण दर्ज है।

# धूमधाम से मनाया गया संजीव झा का जन्मदिन



गाजियाबाद करंट क्राइम। बीजेपी महानगर मंत्री संजीव झा का जन्मदिन उनके वसुंधरा स्थित आवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं तथा समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर संजीव झा को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी।

# भारतीय-अमेरिकियों ने हिंदुओं को निशाना बनाए जाने के विरोध में निकाली है रैली

**वॉशिंगटन ।** कनाडा और बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। कभी मंदिरों तो कभी उनके घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा। इस बीच, सिलिकॉन वैली में भारतीय अमेरिकियों ने हिंदुओं के प्रति अपनी एकजुटता दिखाने के लिए रैली निकाली।




### इन देशों की सरकारों से मांगा जवाब

मिलपिटास सिटी हॉल में बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए प्रमुख सामुदायिक नेताओं ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के बारे में बात की। साथ ही अमेरिकी नेताओं से मानवाधिकार उल्लंघनों की निंदा करने और कनाडा तथा बांग्लादेश की सरकारों को उनकी हिंदू अल्पसंख्यक आबादी की सुरक्षा के लिए जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया।

खाड़ी क्षेत्र दो लाख से अधिक भारतीय अमेरिकियों का घर है। बताया जा रहा कि रैली में शामिल लोगों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं पर हुए हमले की सही तरीके से जांच नहीं होने पर निराशा जताई।

हमने वीडियो देखेरैली में लोगों ने खालिस्तानी आतंकवाद बंद करो, कनाडाई-हिंदुओं की रक्षा करो, इस्लामी आतंकवाद बंद करो, बांग्लादेशी-हिंदुओं की रक्षा करो के नारे लगाए। उन्होंने कहा, 'हमने खालिस्तानी समर्थकों के मंदिर परिसर में घुसकर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को पीटने के वीडियो देखे हैं। यह देखना भयावह है कि दिवाली मनाने गए हिंदुओं का उन द्वारा पीछा किया जा रहा है।'

उन्होंने कहा, 'हमने देखा कि पुलिस खालिस्तान समर्थकों के साथ पहले से ही साठगांठ कर रही थी और हिंदू श्रद्धालुओं को पीट रही थी। कनाडा में हिंसा की स्वतंत्रता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में तैयार किया जा रहा है। कनाडाई-हिंदुओं के बुनियादी मानवाधिकारों की रक्षा को लेकर ट्रूडो सरकार से हमारा भरोसा उठ चुका है।'

### इन लोगों ने भी जताई नाराजगी

'अमेरिकन्स फॉर हिंदूज' के डॉ. रमेश जपरा ने कनाडा में खालिस्तानियों द्वारा कनाडा में हिंदुओं और बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूहों पर किए जा रहे हमलों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम एक विश्व, एक परिवार, एक भविष्य हैं।

# अमेरिकी एसईसी को सीधे समन करने का अधिकार नहीं है

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के पास किसी विदेशी नागरिक को सीधे समन




करने का कोई अधिकार नहीं है। सूत्रों ने बताया कि एसईसी को 26.5 करोड़ डॉलर (2,200 करोड़ रुपये) के कथित घूसखोरी के मामले में अदाणी समूह के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर को उचित राजनयिक चैनल के माध्यम से समन भेजना होगा। आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करें अदाणी-एसईसी मामले के जानकार दो सूत्रों ने बताया कि एसईसी चाहता है कि अदाणी सौर ऊर्जा से संबंधित अनुबंध हासिल करने के लिए घूस देने के आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करें।

# अमेरिका में गोलीबारी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता, अब मैक्सिको के बार में ताबड़तोड़ फायरिंग, छह की मौत

**मैक्सिको ।** दक्षिण-पूर्वी मैक्सिको के एक बार में रविवार तड़के बंदूकधारियों ने गोलीबारी कर दी। इससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

स्थानीय मीडिया ने जानकारी दी कि गोलीबारी की यह घटना तटीय प्रांत ताबास्को के विलेहरमोला शहर में हुई, जो हाल में बढ़ती हिंसा से जूझ रहा है। अब तक इस मामले में ना तो किसी को गोलीबारी विलेहरमोसा में हुई और संघीय अधिकारी घटना को सुलझाने में मदद करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अब तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है और यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोलीबारी किस कारण से की गई।

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटना




गिरफ्तार किया गया है और ना ही गोलीबारी के पीछे के कारणों का पता चल सका है।

### घायलों की हुई पहचान

राज्य के उप अभियोजक गिल्बर्टो मेलक्विएड्स ने कहा कि हथियारबंद लोग किसी खास व्यक्ति की तलाश में बार में घुसे थे। मगर, गोलियां आसपास मौजूद लोगों को भी लग गईं। यह घटना डीबार नाम के बार में हुई। घटना में पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल ले जाने के बाद चोटों के कारण दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायल हुए लोगों में से पांच व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है।

### किसी को ढूंढने के बहाने से आए थे आरोपी

लोक सुरक्षा सचिव उमर गार्सिया हार्फुच ने कहा कि

इससे पहले नवंबर में मध्य मैक्सिकन शहर क्वेरेटारो में बंदूकधारियों ने एक बार पर हमला कर 10 लोगों की हत्या कर दी थीष क्वेरेटारो के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के प्रमुख जुआन लुइस फेरुस्का के अनुसार, हमलावरों ने शहर के ऐतिहासिक जिले में लॉस कैंटारिटोस बार के अंदर गोलीबारी की थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में बताया गया था कि हथियारों से लैस कम से कम 4 लोग एक पिकअप ट्रक पर सवार होकर आए थे और फिर उन्होंने हत्याकांड को अंजाम दिया था।

एक समय में क्वेरेटारो को मैक्सिको के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक माना जाता था, लेकिन अब यहां हिंसा बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि बढ़ती हिंसा के कारण इस साल जनवरी से अक्तूबर के बीच ताबैस्को में 715 हत्याएं हुईं, जबकि 2023 में कुल 253 हत्याएं हुई थीं।

# ब्रिटेन में सरकार बनाने के चार महीने के अंदर ही घिर गई लेबर पार्टी, 17 लाख लोगों ने की फिर चुनाव की मांग

**लंदन ।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद दुनियाभर में उथल-पुथल का दौर जारी है। जर्मनी में सरकार गिरने के बाद अब ब्रिटेन में भी सरकार पर खतरा पैदा होता दिख रहा है। दरअसल, यहां एक ऑनलाइन पिटीशन में लोगों ने फिर से चुनाव कराने की मांग की है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पिटीशन को 17 लाख लोगों ने समर्थन दिया है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने भी इस पिटीशन की सफलता को लेकर एक संदेश को रिपोस्ट किया है।



गाइडलाइंस के मुताबिक, इस तरह की ऑनलाइन पिटीशन में अगर किसी कानून या नीति में बदलाव की मांग की जाती है तो सरकार इस पर 10 हजार साइन-अप के बाद अधिकतर प्रतिक्रिया देती है। इतना ही नहीं अगर किसी पिटीशन को 1 लाख सिग्नेचर मिलते हैं तो इसके मुद्दे पर संसद में बहस भी की जाती है।

इस पिटीशन को लेकर जानकारी में कहा गया है- ₹मैं एक बार फिर आम चुनाव चाहता हूं। मुझे लगता है कि मौजूदा सरकार आम चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को निभाने में नाकाम रही है।₹ इस पिटीशन पर 17,71,423 लोग हस्ताक्षर कर चुके हैं। इस पिटीशन को ब्रिटेन के एक पब संचालक माइकल वेस्टवुड की तरफ से शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद भी नहीं थी कि इस पिटीशन की सफलता पर एलन मस्क कभी टिप्पणी करेंगे।

### एलन मस्क के पोस्ट में क्या?

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने जो पोस्ट शेयर किया है, उसमें कहा गया, आम चुनाव को लेकर पिटीशन ने ब्रिटेन में आधी रात के ठीक छह घंटे बाद 2 लाख हस्ताक्षर के लक्ष्य को तबाह कर दिया। इस पर मस्क ने कहा- 'वाह'।

इस बीच पिटीशन शुरू करने वाले वैगन्स एंड हॉर्सेज पब के मालिक वेस्टवुड ने कहा कि लेबर सरकार के काम उसके बिल्कुल उलट हैं।

# कनाडा में 100 से अधिक भारतीयों को जीवन प्रमाण पत्र जारी, भारतीय उच्चायोग ने दीं जरूरी सेवाएं

**मॉन्ट्रियल ।** कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने मॉन्ट्रियल में एक कांसुलर कैंप लगाकर स्थानीय भारतीय समुदाय को आवश्यक सेवाएं प्रदान कीं। कैंप में 100 से अधिक लाभार्थियों को जीवन प्रमाणपत्र जारी किए गए। ओटावा, कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी।



मॉन्ट्रियल में यह कांसुलर कैंप भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से टोरंटो में 7 नवंबर को अपने निर्धारित कांसुलर कैंप को रद्द करने की घोषणा के बाद लगाया गया, क्योंकि कनाडाई सुरक्षा अधिकारी उसे सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे थे।

तब भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी थी कि सामुदायिक शिविर आयोजकों को सुरक्षा एजेंसियों की ओर से न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता जताने पर निर्धारित कांसुलर कैंप को रद्द करने का निर्णय लिया।

वाणिज्य दूतावास की ओर से यह घोषणा भारत विरोधी चरमपंथियों की ओर से हिंसा भड़काने के कुछ ही दिनों बाद की गई थी, जब भारतीय वाणिज्य दूतावास ने टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदी सभा मंदिर के बाहर एक कांसुलर कैंप का सह-आयोजन किया था। भारत ने सर्वोच्च न्यायालय से अपना विरोध दर्ज कराया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया था।

# जर्मनी के इस प्रांत की संसद में पहली बार मनाई गई दिवाली, भारतीय समुदाय के योगदान की हुई तारीफ

**बर्लिन ।** हर साल की तरह इस साल भी दुनियाभर में दिवाली का जश्न जोर-शोर से मनाया गया। अमेरिका से लेकर ब्रिटेन और कनाडा तक विदेशी जमीन पर भी आम लोगों से लेकर नेताओं तक ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं। अब इस त्योहार को करीब एक महीने बाद जर्मनी के श्लेसविग-होल्सटाइन प्रांत की संसद में पहली बार मनाया गया है। बताया गया है कि कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### नेताओं ने दर्ज कराई मौजूदगी

श्लेसविग-होल्सटाइन प्रांत के सदन में हुए इस कार्यक्रम में अर्शन बर्ग क्षेत्र से आने वाले भारतीय समुदाय के नेता राकेश वेउली शामिल हुए। इसके अलावा उप वाणिज्य मंत्री जूलिया कार्ट्सन और क्रिश्चयन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) पार्टी के कई नेता और स्थानीय कार्यकताओं ने दिवाली कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इन सभी ने जर्मनी के विकास में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की।

इस कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जर्मन प्रांत में हुए इस दिवाली कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति का भी जबरदस्त प्रयोग किया गया। इसमें भांगड़ा भी रखा गया। इससे पहले हैम्बर्ग में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹सीडीयू पार्टी के संसदीय दल के साथ श्लेसविग-होल्सटाइन आपको उजाले का त्योहार- दिवाली मनाने के लिए बुलाता है।

# बिहार एक असफल राज्य इसके विकास के लिए जबरदस्त कोशिश करने की जरूरत, अमेरिका में बोले प्रशांत किशोर

**वॉशिंगटन ।** जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने बिहार को एक असफल राज्य बताया। उन्होंने कहा कि बिहार सच में एक असफल राज्य है जो बुरी हालत में है और इसके विकास के लिए जबरदस्त प्रयासों की जरूरत है।

'शराब से प्रतिबंध हटाएंगे'

जन सुराज की अमेरिकी शाखा शुरू करने के बाद बिहारी प्रवासी समुदाय के साथ एक वर्चुअल बातचीत में, पूर्व चुनावी रणनीतिकार ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव जीतेगी। साथ ही कहा कि सत्ता में आने के बाद वह शराब पर लगे प्रतिबंध को हटा देंगे और राजस्व का उपयोग स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए करेंगे।

11वां सबसे बड़ा देश होता बिहारः प्रशांत उन्होंने आगे कहा कि हमें यह महसूस करने की जरूरत है कि



कि बिहार एक ऐसा राज्य है, जो बुरी हालत में है। अगर बिहार एक देश होता तो यह दुनिया में जनसंख्या के मामले में 11वां सबसे बड़ा देश होता। हम आबादी के मामले में जापान से आगे निकल गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि सबसे बड़ी चुनौती यह है कि बिहार की हालत में सुधार को लेकर समाज नाउम्मीद हो गया है। हालांकि, किशोर ने कहा कि सब कुछ खो नहीं गया है।

पूर्व चुनावी रणनीतिकार ने कहा, 'हम पिछले ढाई साल से जो कर रहे हैं, उससे निश्चित तौर पर उम्मीद बंधी है। लेकिन इसे एक ठोस चुनावी परिणाम में बदलने और आगे शासन के परिणाम में बदलने में समय लगेगा। जो कोई भी इसका हिस्सा बनना चाहता है, उसे कम से कम पांच-छह साल के लिए प्रतिबद्ध होना होगा।'

सूडान में चल रहे गृहयुद्ध की तुलना बिहार से की प्रशांत किशोर ने कहा, 'अगर 2025 में सरकार बनती है और हम इसी जल्दबाजी के साथ कड़ी मेहनत करते रहेंगे तो 2029-2030 तक बिहार अगर मध्यम आय वाला राज्य बन जाता है तो यह बड़ी बात होगी। यह वास्तव में एक असफल राज्य है क्योंकि यह आज सभी विकास मानकों पर खड़ा है। विफल राज्यों की विशेषताएं यहां की आबादी में दिखाई देती हैं। उदाहरण के लिए...कभी-कभी हम सोचते हैं सूडान में लोग गृहयुद्ध में 20 साल से क्यों लड़ रहे हैं। क्योंकि जब आप उस हालत में होते हैं।

# पाकिस्तान में शिया-सुन्नियों की जंग में दर्जनों मौतें अपहृत लोगों और शवों तक को नहीं लौटाया

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में स्थित कुर्रम जिला बीते कई दिनों से शिया और सुन्नियों के बीच में जंग का मैदान बना था। यहां एक के बाद एक हमलों में दर्जनों लोगों की मौत और हिंसा ने देशभर को दहलाकर रख दिया। इसके बाद जागी सरकार ने दोनों पक्षों से बात कर फिलहाल क्षेत्र में सीजफायर का एलान किया है।

अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में अलीजई और बागान कबीलों के बीच झड़पें बीते कई हफ्तों से जारी हैं। हालांकि, इस जंग का सबसे खराब रूप 21 नवंबर को देखने को मिला, जब सुन्नी मुस्लिमों के गुट ने पुलिस की सुरक्षा में जा रहे शिया मुस्लिमों के काफिले को निशाना बनाया। इसमें 40 से ज्यादा की मौत हो गई।




मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे भी थे। इसके बाद 22 और 23 नवंबर को बड़े स्तर पर दंगे हुए, जिसमें आधिकारिक तौर पर इनमें अब तक 80 से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं और 150 से ज्यादा लोग घायल हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, अगर मौजूदा घटनाओं और बीते महीने में हुई हिंसा की घटनाओं को मिला लें, तो इन दंगों में 150 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ताजा हिंसा के दौरान आधिकारिक आंकड़ों में शिया पक्ष से 66 मौतें दर्ज हैं, वहीं सुन्नी पक्ष के 16 लोगों की जान गई है। इतना ही नहीं करीब 300 परिवार कुर्रम छोड़कर हंगू और पेशावर जाने को मजबूर हुए हैं।

ऐसी स्थिति में सरकार की मध्यस्थता से कराए गए सीजफायर से स्थिति के सामान्य होने की उम्मीद की जा रही है।

## अब लगा सीजफायर

**प्रांत की सरकार ने क्या कहा - ऐसी स्थिति में सरकार की मध्यस्थता से कराए गए सीजफायर से स्थिति के सामान्य होने की उम्मीद की जा रही है। दोनों आदिवासी समुदायों के बीच यह पूरा बवाल भूमि विवाद को लेकर है। इसे सुलझाने के लिए खैबर पख्तूनख्वा की सरकार ने एक आयोग का गठन किया है।**

दोनों आदिवासी समुदायों के बीच यह पूरा बवाल भूमि विवाद को लेकर है। इसे सुलझाने के लिए खैबर पख्तूनख्वा की सरकार ने एक आयोग का गठन किया है। मुख्यमंत्री के सलाहकार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच यह सीजफायर 7 दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के अपहृत लोगों और शवों को लौटाने पर समझौता कर लिया है।

# हिजबुल्ला ने इस्राइल पर दागे 250 से अधिक रॉकेट वातार्कार बोले- ताजा हमलों से युद्ध बढ़ने की आशंका

**बेरूत ।** ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने रविवार को इस्राइल पर 250 रॉकेट दागे, जिसमें सात लोग घायल हो गए। हिजबुल्ला का यह हमला शनिवार को लेबनान पर किए गए इस्राइली हमले के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

दूसरी तरफ, युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता की भूमिका निभाने वाले वातार्कारों ने कहा कि ताजा हमलों से युद्ध बढ़ेगा, रुकेगा नहीं। इस बीच लेबनान के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को इस्राइली हमले में टायर और नकौरा क्षेत्र में एक लेबनानी सैनिक समेत 20 नागरिकों की मौत हुई थी, जबकि 18 अन्य घायल हुए थे।



### इस्राइली हवाई हमले में मरने वालों की संख्या 29 हुई

इस बीच, लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को मरने वालों की संख्या को संशोधित किया। शुरूआत में लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक सैनिक सहित 20 नागरिकों की मौत की पुष्टि की थी, जो अब बढ़कर 29 हो गई है। जबकि, घायलों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इस्राइली हमले में घायल होने वालों की संख्या 19 पहुंच गई है। वहीं, इस्राइल की सेना ने खेद व्यक्त किया व कहा कि यह हमला हिजबुल्ला के क्षेत्र में किया गया था, जहां उसके लड़ाके पनाह लिए हुए थे। यह अभियान पूरी तरह से आतंकवादियों के खिलाफ हैं।

सितंबर के बाद से, इस्राइली हवाई हमलों में कई हिजबुल्लाह कमांडर मारे गए हैं और प्रमुख बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया है, जिससे दक्षिणी लेबनान में व्यापक तबाही हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस संघर्ष का असर लेबनान पर भारी पड़ा है, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए और दस लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए।

**इस्राइल-हिजबुल्ला युद्ध में अब तक 40 से अधिक लेबनानी सैनिकों की मौत :** बता दें कि इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच चल रहे युद्ध में अब तक 40 से अधिक लेबनानी सैनिक मारे जा चुके हैं। लेबनान के कार्यवाहक पीएम नजीब मिकाती ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिका के नेतृत्व वाले संघर्ष विराम प्रयासों पर हमला बताया ।

# स्वर्गीय राजू देवी बैद की आत्मा की चिर शांति के लिए स्मृति सभा आयोजित



गाजियाबाद करंट क्राइम। लाडनूं निवासी दिल्ली प्रवासी सुपारसमल जी बैद की धर्मपत्नी राजू देवी बैद का स्वर्गवास 23 नवंबर को हो गया था। दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए स्मृति सभा का आयोजन सोमवार 25 नवंबर को ओसवाल भवन विवेक विहार में किया गया। शोकाकुल परिवार से प्रकाश, मंजुला, सुशील, सुनीता बैद, पवन, सविता बैद, विकास, मंजू, आकाश कुसुम बैद, मुकेश, विनिता ने शोक व्यक्त किया। समाज के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैवीवेट वालो को मिली है जब से हैवी वाली जिम्मेदारी? तब से हम देख रहे हैं उनकी टीम कमजोर होती दिख रही है सारी? ऐसा हम नहीं उनके साथ नजर आने वाले चेहरे ही कर रहे हैं बात? कह रहे हैं सही में हमारे वाले हो गये हैं गोमती? वो अब किसी से टकराते नहीं, इसलिए नहीं बन रही हमारी बात? सिस्टम से अधिकतर उनके प्रिय चेहरे हो चुके हैं आउट? उठा लें इस बार वो फिर से पुरानी जिम्मेदारी? गलतफहमी पालने वालों के वो दूर करें दें फिर से डाउट? जब से अध्यक्ष पद की दावेदारी शुरू हुई है? तब से इस तरह की आवाज हो रही है लाउड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शुरू में जिले में सुनाई देगा जिलाध्यक्ष वाले फैक्टर पर समान्य बिरादरी के चेहरे के नाम का शोर? कहने वाले ने कहा जैसे-जैसे ये मामला आगे बढ़ेगा? वैसे-वैसे यू-टर्न पकड़ेगा जोर? अचानक स्टोरी में आयेगा ओबीसी फैक्टर का नाम? यहां पर दावेदारी फिर से वर्तमान जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान की भी मौजूद रहेगी? वहीं चर्चा में रहेगा राजनीति में शालीनता की मिसाल पेश करने वाले नितिन मावी का भी नाम? सुना है इनके व्यवहार की अच्छी है ऊपर तक रिपोर्ट? जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ेगा, वैसे-वैसे मजबूत मिलने लगेगा इनको सपोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के गर्ग साहब के तर्क से निकले तीर कर देते हैं अच्छे अच्छों को घायल? सही बतायें जिस तरह से उन्होंने अपनी ताकत का कराया है बीते कुछ दिनों से एहसास? उनकी इस अदा के हम हो गये हैं कायल? हमें पता चला है उन्होंने कही है किसी से मजबूत बात? कहा है इस बार महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी में वो बिल्कुल भी नहीं डालेंगे हाथ? जिस भी नाम पर जैसी भी बनेगी हमारे जनप्रतिनिधियों की राय? उस नाम को हम भी दे देंगे सहमति? अपनी राय को कर देगें हम ओके-टाटा-बॉय-बॉय?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अचानक ना जाने क्या हुआ है चमत्कार? जब से भगवा कमांडर बने हैं विधायक, तब से बदल से गये हैं गागर में सागर भरने वाले नागर जी के विचार? अब वो पहले से ज्यादा दिख रहे हैं पोलाईट? शुभकामनाएं फेसबुक पर दे रहे हैं वो कमांडर का फोटो लगाकर बहुत ही ज्यादा नाईस? उनका ये अंदाज देख कर उनके साथ वाले चेहरे भी हो गये हैं सरप्राईज? समझ नहीं पा रहे हैं समझने वाले मिस्टर नागर की इस तरह की आईस-पाईस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रान्तिकारी विधानसभा के कसाना जी का फसाना हर कोई देखना चाहता है? मार्किट में चर्चा यही है कि पार्टी का इतना ओजस्वी चेहरा संगठन में क्यों नहीं आता है? कहने वाले ने कहा हमें पता है अगर कसाना जी करेंगे संगठन में आने का प्रयास? तो वेस्टर्न से लेकर प्रदेश से होते हुए केन्द्र वालों का भी मिलेगा उनको आशीर्वाद? मगर हमें ये भी पता है कि वो इस ओर नहीं दे रहे हैं ध्यान? मगर जो अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे हैं? हम उन्हें बताना चाहते हैं, अगर वो कसाना जी को साथ लेकर चलेंगे तो बन जायेगा उनका काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गठबंधन उम्मीदवार सिंहराज देंगे चुनाव के बाद भी दीदार? इस बात का हमने दूर-दूर तक नहीं बनाया था विचार? मगर जैसे ही हमने उनको एक कवि सम्मेलन में पूरी शिद्दत के साथ बैठे हुए देखा? वैसे ही हमारे भाव बदल गये यार? चुनाव के बाद उनकी सक्रियता ने दिया हमको अच्छा संदेश? सिर्फ चुनाव के समय ही नजर आना नहीं करता है मजबूत बेस? अगर इसी तरह सिंहराज समाजिक कार्यक्रमों में लगायेंगे ध्यान? आज नहीं तो कल जैसा बनाना चाह रहे हैं वो, वैसा बन जायेगा उनका नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था महानगर वाली मीटिंग के आस-पास ही मौजूद? मीटिंग से सुनाई दे रहा था मुझे कुछ नोंक-झोंक का वजूद? छत पर खेती करने वाले और सौंफ की खुशबू बिखेरने वाले दो भगवा चेहरों के बीच में हो रही थी काफी ज्यादा नोंक-झोंक? कोई भी उनके इस शीत युद्ध को नहीं रहा था रोक? सुना है सक्रिय सदस्य बनाने पर हो रहा था बवाल? अब इन दोनों में से कौन जीता, ये तो ये ही बतायेंगे? मगर बर्थडे के कार्यक्रम में नजर आ रहे थे दोनों एक दूसरे के नाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के पूरे चुनाव में भगवा युवा उमेश भाटी की रही मजबूत लाठी? जब भी कमांडर होते थे जनसभाओं में बिजी? तभी कमांडर के फोन को उठाकर मिस्टर भाटी सामने वाले की जिज्ञासा अपनी मधुर वाणी से कर देते थे ईजी? चुनाव खत्म होने के बाद भी ये लगातार चल रहे हैं कमांडर के साथ? साथ चलना ही होता है अपने आप में आशीर्वाद? कहने वाले कह रहे हैं कि इस आशीर्वाद का जल्दी मिलेगा भाटी भैया को फल? ओबीसी मोर्चा या युवा मोर्चा में से किसी ना किसी पद पर निकलेगा इस चेहरे का हल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने क्या हो गई है खता? क्यों बदल लिया है भगवा बॉबी भैया ने अपना मुरादनगर वाला पता? सुना है उन्होंने शहर विधानसभा में बना लिया है अपना ठिकाना? वो भले ही ना बतायें, उनकी ऊंगली पर लगा वोट देने के बाद वाला स्याही का निशान करा देगा इस बात का एहसास? अब तो बॉबी भैया को बताना है कि शहर विधानसभा के किस ठिकाने पर उन्होंने अपना आशियाना बनाया है साहब? यूं खामोश रहना नहीं है अच्छी बात? दावत तो देनी ही पड़ेगी आपको चाबी खो जाने वाले भाईसाहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा और तैयारियों के सम्बन्ध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर प्रदेश की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-गाजियाबाद उप निर्वाचन की घोषणा हो जाने के कारण उक्त विधानसभा को छोड़ा गया था। अब निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में उक्त विधानसभा में प्रारूप 1 से 8 तक की तैयारी व अर्हता तिथि के रूप में 1 जनवरी, 2025 के संदर्भ में एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करने की तिथि 25 से 26 नवंबर, 2024 है। एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन की तिथि 27 नवंबर, 2024 है।

दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 27 नवंबर से 12 दिसंबर, 2024 है। विशेष अभियान तिथियाँ 30 नवंबर व 08 दिसंबर, 2024 है। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण की तिथि 1 जनवरी, 2025 है। जनपद की सभी विधानसभाओं की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी, 2025 को किया जाना है। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, एसडीएम चन्द्रेश कुमार सिंह, एसडीएम राजेन्द्र कुमार, सभी एआरओ सहित राजनैतिक पार्टियों में ताहिर हुसैन, रमेश चन्द्र यादव सपा, सुभाष चन्द्र शर्मा बीजेपी, मनोज कुमार बसपा, डॉ.नरेन्द्र कुमारशर्मा कांग्रेस, त्रिफूल सिंह सीपीआई (एम) सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।





### मतदाता सूची में सुधार एवं शुद्धता हेतु रहें प्रयासरतः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी द्वारा लोनी, मोदीनगर, मुरादनगर, साहिबाबाद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा गयी। उन्होने कहा कि किसी भी बीएलओ, सुपरवाईजर एवं एआरओ के स्तर पर कोई भी आवेदन लम्बित ना रहे, साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि मतदाता सूची में शुद्धता रहे।

### जिलाधिकारी ने किया राजनैतिक दलों से सहभागिता बढ़ाने तथा बूथ लेविल एजेन्ट्स नियुक्त करने हेतु अनुरोध

**करंट क्राइम।** बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ की मतदाता सूची में शुद्धता लाने का पूर्ण प्रयास करें। संबंधित सुपरवाईजर लगातार उनके द्वारा किये गये कार्यों की जांच करे और सम्बंधित एआरओ सुपरवाईजरों द्वारा किये गये कार्यों की जांच करें। जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने तथा पुनरीक्षण के कार्य में उनका सक्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु बूथ लेविल एजेन्ट्स की व्यवस्था कराने हेतु अनुरोध किया गया।

### चरण - स्पर्श



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी इंदिरापुरम में मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी के निवास पर पहुंचे। यहां नव निर्वाचित शहर विधायक संजीव शर्मा ने उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नोएडा में आयोजित राज्य मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के भतीजे आदित्य शर्मा के विवाह समारोह में भाग लिया और बधाई शुभकामनाएं दी।

## गाजियाबाद की कानून व्यवस्था में मील का पत्थर साबित हुए हैं, गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा : संजीव गुप्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि वह गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा से अनेक अवसर पर मुलाकात कर चुके हैं। परंतु जब भी व्यक्तिगत रूप से उनसे बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ है। तब अजय कुमार मिश्रा ने अपने शालीन और दूरदर्शी व्यक्तित्व से उन्हें प्रभावित किया है।

संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मुझे ज्ञात है किस तरह उन्होंने बचपन से पुलिसिंग को जीते हुए, अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए, एक संस्कारी पुत्र के रूप में अपने पिता के सपनों को पूरा करते हुए 2003 बेंच के आईपीएस अधिकारी बने हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि गाजियाबाद को प्रथम पुलिस कमिश्नर के रूप में एक दूरदर्शी और अनुभवी के साथ साथ संवेदनशील अधिकारी मिला है। 7 साल इंटेलिजेंस ब्यूरो में और अनेकों जिलों में तैनाती के बाद गाजियाबाद में इनका पुलिसिंग नेटवर्क बहुत दुरुस्त रहता है।

जिसके चलते आज गाजियाबाद जिले के अपराधियों में उनके नाम का खौफ है। तथा यहाँ का क्राइम रेट घटा है। तथा इतने अनुभव और उच्चपद पर नियुक्ति के बाद भी में स्वयं कमिश्नर साहब की शालीनता और व्यवहार कुशलता का मुरीद हूं। देश को ऐसे जांबाज और काबिल अधिकारियों की आवश्यकता है। मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं कि उन पर सदैव अपनी कृपा बनाये रखें।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये सफर है जो हमसफर के साथ शुरू होता है। साल की एक तारीख इस सफर की गवाह बनती है। मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को अमित प्रताप त्यागी ने अपनी जीवन साथी को शुभकामनाएं देकर साझा किया। मां गंगा का आशीर्वाद ओर परिवार का साथ सदैव मिलने की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।